स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

27वीं वार्षिक रिपोर्ट
27th Annual Report
2015-16

अनुविभि
nsfdc

नेशनल शेड्यूल्ड कास्ट्स फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन
(भारत सरकार का उपक्रम)

National Scheduled Castes Finance and Development Corporation
(A Government of India Undertaking)

27वीं वार्षिक रिपोर्ट
27th ANNUAL REPORT
2015-2016

नेशनल शेड्यूल्ड कास्ट्स फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन
(भारत सरकार का उपक्रम)

NATIONAL SCHEDULED CASTES FINANCE AND DEVELOPMENT CORPORATION
(A Government of India Undertaking)

(आईएसओ 9001:2008 प्रमाणित कंपनी)
(An ISO 9001:2008 Certified Company)

14वीं मंजिल, कोर 1 व 2, स्कोप मीनार, लक्ष्मी नगर जिला केंद्र, दिल्ली-110092
14th Floor, Core 1 & 2, SCOPE Minar, Laxmi Nagar District Centre, Delhi-110092
फोन / Phone: 011-22054392, 22054394, 22054396 फैक्स/ Fax : 011-22054395
ई–मेल / E-mail : support-nsfdc@nic.in वेबसाइट / website : www.nsfdc.nic.in

विषय सूची

क्र.सं.	विवरण	पृष्ठ संख्या
1.	नोटिस	1
2.	कंपनी–सूचना	2
3.	अध्यक्षीय संदेश	3
4.	निदेशक मंडल की रिपोर्ट	11
5.	तुलन–पत्र	95
6.	आय और व्यय लेखा	96
7.	नकदी प्रवाह विवरणिका	98
8.	वैधानिक लेखापरीक्षक की रिपोर्ट	127
9.	वैधानिक लेखापरीक्षक की रिपोर्ट पर प्रबंध समिति का उत्तर	137
10.	भारत के नियंत्रक एवं महा लेखापरीक्षक की टिप्पणियाँ	138
11	भारत के नियंत्रक एवं महा लेखापरीक्षक की टिप्पणियों पर प्रबंध समिति का उत्तर	140
12.	प्रधान कार्यालय एवं आँचलिक कार्यालय	142

नेशनल शेड्यूल्ड कास्ट्स फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन
(भारत सरकार का उपक्रम)
NATIONAL SCHEDULED CASTES FINANCE AND DEVELOPMENT CORPORATION
(A Government of India Undertaking)
CIN : U93000DL1989NPL034967

एनएसएफडीसी/सचि/वाआबै/248/2016–17/1465–1472 **14 सितंबर, 2016**

नोटिस

एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि नेशनल शेड्यूल्ड कास्ट्स फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन की 27वीं वार्षिक आम बैठक मंगलवार 27 सितंबर, 2016 को अपराह्न 3:00 बजे सचिव कक्ष, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, 6ठा तल (ए विंग), शास्त्री भवन, नई दिल्ली–110 001 में निम्नलिखित कार्य संपन्न करने के लिए होगी:

सामान्य कार्य

1. 31 मार्च, 2016 को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी की लेखा परीक्षित वित्तीय विवरणिका, निदेशकों की रिपोर्ट और वैधानिक लेखापरीक्षक की रिपोर्ट, उस पर भारत के नियंत्रक एवं महा लेखापरीक्षक की टिप्पणियों और प्रबंध समिति के उत्तर पर विचार करना, अपनाना और निम्नलिखित संकल्पों को संशोधन सहित अथवा बिना संशोधन के साधारण संकल्प के रूप में पास करना:

   ''संकल्प किया जाता है कि 31 मार्च, 2016 को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी की लेखा परीक्षित वित्तीय विवरणिका, निदेशकों की रिपोर्ट और वैधानिक लेखापरीक्षक की रिपोर्ट, उस पर भारत के नियंत्रक एवं महा लेखापरीक्षक की टिप्पणियों और प्रबंध समिति के उत्तर को प्राप्त किया, विचार किया और अपनाया।''

2. निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित वित्तीय वर्ष 2015–16 के लिए निगम के वैधानिक लेखापरीक्षक के पारिश्रमिक पर विचार करने और बिना संशोधन के एक साधारण संकल्प के रूप में पास करना:

   ''संकल्प किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2015–16 के लिए भारत के नियंत्रक और महा लेखापरीक्षक द्वारा नियुक्त मैसर्स माथुर गुप्ता एंड एसोसिएट्स, चार्टर्ड एकाउंटेंट, नई दिल्ली को 1,25,000/– रुपए वार्षिक (समग्रतः, सेवाकर अतिरिक्त) की वैधानिक लेखापरीक्षक की फीस निर्धारित की जाती है।''

कृते निदेशक मंडल के आदेशानुसार

ह.

स्थान : दिल्ली **(अन्नु भोगल)**
दिनांकः 14.09.2016 **कंपनी सचिव**

टिप्पणी:
बैठक में भाग लेने एवं वोट देने के लिए अधिकृत सदस्य को अपने स्थान पर किसी प्रतिनिधि को बैठक में भाग लेने के लिए एवं अपने स्थान पर परोक्षी नियुक्त करने का अधिकार है। परोक्षी का सदस्य होना आवश्यक नहीं है (परोक्षी फार्म संलग्न है)।

कंपनी - सूचना

निदेशक मंडल (2015–16)

श्री श्याम कपूर
अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक
(दि. 29.07.2016 से)

डॉ. रबीन्द्र कुमार सिंह
अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक
(दि. 31.08.2013 से 29.07.2016 तक)

श्री ए. के. गर्ग
(दि. 13.06.2006 से दिनांक 14.01.2016 तक)

श्री बी. एल. मीणा
(दि. 04.06.2015 से)

सुश्री किरण पुरी
(दि. 26.08.2014 से 14.01.2016 तक)

श्रीमती आइन्द्री अनुराग
(दि. 04.06.2015 से)

श्रीमती टी. सी. ए. कल्याणी
(दि. 14.01.2016 से)

श्री गुलाब सिंह
(दि. 26.08.2014 से)

श्री एस. एम. आवले
(दि. 04.06.2015 से)

श्री ललित मौर्य
(दि. 21.10.2015 से)

वैधानिक लेखा परीक्षक

मैसर्स माथुर गुप्ता एंड एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार
401, अंसल्स प्रगति दीप,
लक्ष्मी नगर वाणिज्यिक कॉम्प्लैक्स,
दिल्ली – 110 092

बैंकर्स
सिंडिकेट बैंक, दिल्ली
केनरा बैंक, दिल्ली/मुंबई/कोलकाता/बैंगलूरू
स्टेट बैंक ऑफ पटियाला, नई दिल्ली/लखनऊ
स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, गुवाहटी
कार्पोरेशन बैंक, दिल्ली
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, दिल्ली
पंजाब नैशनल बैंक, दिल्ली
विजया बैंक, दिल्ली
इंडियन ओवरसीज बैंक, दिल्ली
इलाहाबाद बैंक, दिल्ली
आईडीबीआई, दिल्ली
बैंक ऑफ बड़ौदा, दिल्ली
बैंक ऑफ इंडिया, दिल्ली
आंध्रा बैंक, दिल्ली

पंजीकृत कार्यालय
नेशनल शेड्यूल्ड कास्ट्स फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन
(भारत सरकार का उपक्रम)
14वीं मंजिल, स्कोप मीनार, कोर 1 व 2,
लक्ष्मी नगर जिला केंद्र,
लक्ष्मी नगर,
दिल्ली–110 092

कंपनी सचिव
श्रीमती अन्नु भोगल

एनएसएफडीसी की 27वीं वार्षिक आम बैठक पर अध्यक्षीय संदेश

प्रिय सदस्यगण,

निदेशक मंडल की ओर से मैं निगम की 27वीं वार्षिक आम बैठक में आप सभी का स्वागत करता हूँ। मैं इस विशिष्ट अवसर पर अपना बहुमूल्य समय देने के लिए आपका हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ।

आप सभी सदस्यों को 31 मार्च, 2016 को समाप्त वित्तीय वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट, निदेशकों की रिपोर्ट, लेखा परीक्षित वार्षिक लेखे, लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट और भारत के नियंत्रक एवं महा लेखापरीक्षक की टिप्पणियों को पहले ही परिचालित कर दिया गया है और आपकी अनुमति से मैं इसे पढ़ा समझूँगा।

आपको सूचित करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि आपके निगम ने इस बार भी सरकार के साथ हस्ताक्षरित समझौता–ज्ञापन 2014–15 के तहत अपनी 'उत्कृष्ट' रेटिंग को बनाए रखा है। 31 मार्च, 2016 को आपके निगम की प्राधिकृत अंश पूँजी 1500.00 करोड़ रुपए और प्रदत्त अँश पूंजी 1081.80 करोड़ रुपए थी।

मुख्य उपलब्धियाँ

संवितरण और लाभार्थी

वर्ष के दौरान, आपके निगम ने समझौता–ज्ञापन के अंतर्गत 'उत्कृष्ट' लक्ष्य 63,000 लाभार्थियों की तुलना में 71,915 लाभार्थियों को लाभांवित करने हेतु समझौता–ज्ञापन के अंतर्गत 'उत्कृष्ट' लक्ष्य 315.00 करोड़ रुपए की तुलना में 378.94 करोड़ रुपए संवितरित किए।

कौशल विकास कार्यक्रम

आपका निगम, नवीन उभरते हुए क्षेत्रों के लक्ष्य समूह के बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार का अवसर प्रदान करने वाले कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों को प्रायोजित करता है। ये कार्यक्रम प्रतिष्ठित संस्थानों द्वारा आयोजित किए जाते हैं। वर्ष के दौरान, आपके निगम ने 14,805 प्रशिक्षणार्थियों के लिए कौशल प्रशिक्षण आयोजित किए तथा 9,663 प्रशिक्षणार्थियों ने प्रशिक्षण पूर्ण किया (वर्ष 2015–16 में मंजूर कौशल प्रशिक्षण विकास कार्यक्रमों में से 3,924 ने तथा वर्ष 2014–15 में से 5,739 ने प्रशिक्षण पूर्ण किया)। प्रशिक्षणार्थियों को नियोजन सहायता और स्व–व्यवसाय शुरू करने के लिए उद्यमिता मार्गदर्शन भी दिया गया।

आईएस/आईएसओ 9001:2008 के अनुसार गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली प्रमाणीकरण का द्वितीय निगरानी लेखा परीक्षण

आपके निगम की गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली की द्वितीय निगरानी लेखा परीक्षण को सफलतापूर्वक पूर्ण करने के बाद आईएस/आईएसओ 9001:2008 के अनुसार गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली प्रमाणीकरण को वर्ष 2015–16 में भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा नवीनीकृत किया गया। भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा नियुक्त लेखापरीक्षकों ने जनवरी, 2016 माह में निगरानी लेखा परीक्षण किया और आईएस/आईएसओ 9001:2008 नवीनीकरण के लिए संस्तुति दी।

विशेष पहल

2015–16 के दौरान, आपके निगम ने अपनी गतिविधियों को और बढ़ाने और सुदृढ़ करने के लिए विशेष पहल की हैं, उनमें से कुछ इस प्रकार हैं:

(i) नए चैनल पार्टनरों को जोड़ना

अपनी पहुंच को बढ़ाने के लिए विशेषतः ग्रामीण क्षेत्र में जहाँ अनुसूचित जाति की जनसंख्या लगभग 76.4% है, आपके निगम ने विद्यमान राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों (एससीए) के अलावा वैकल्पिक चैनल पार्टनरों के साथ करार हस्ताक्षरित किए हैं। आपके निगम ने सिंडिकेट बैंक और दस क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) जिसमें सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक, राजस्थान मरुधर ग्रामीण बैंक, प्रगति कृष्णा ग्रामीण बैंक, बड़ौदा गुजरात ग्रामीण बैंक, केरल ग्रामीण बैंक, प्रथम बैंक, कर्नाटक विकास ग्रामीण बैंक, त्रिपुरा ग्रामीण बैंक, काशी गोमती समयुत ग्रामीण बैंक, चैतन्य गोदावरी ग्रामीण बैंक शामिल हैं, के साथ करार हस्ताक्षरित किए हैं। दो गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनियों – लघु वित्त संस्थानों जिसमें अनिक फाइनेंशियल सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड, ग्रामीण विकास और फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं, के साथ भी करार हस्ताक्षरित हुआ है। आपके निगम ने दो प्रशिक्षण संस्थानों जिसमें डॉन बास्को टेक सोसाइटी (डीबीटेक) और ब्रिट्टी प्रोशिक्षण प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं, के साथ भी करार हस्ताक्षरित किया है।

(ii) स्वच्छ भारत अभियान

आपके निगम ने सरकार के निर्देशों के अनुपालन में, स्वच्छ–भारत अभियान पर एक वार्षिक–कार्य योजना प्रस्तुत की और एनएसएफडीसी मुख्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। इस अभियान में निगम के सभी कार्मिकों ने स्वच्छता शपथ ली कि वे अपने कार्यालय और आवासीय परिसर, आस–पड़ोस और सामाजिक नेटवर्क को साफ रखेंगे और इस कार्य में 100 घंटे का स्वैच्छिक सहयोग देंगे। सभी कार्मिकों ने यह सुनिश्चित किया कि उनके कमरे/क्यूबिकल हाउसकीपिंग कर्मचारियों द्वारा ठीक से साफ किए गए, फाइलें और खुले कागजात को ढंग से कपबोर्ड, शेल्फ, अल्मारी के अंदर रखा गया। बाहर पड़ी फाइलों को उचित और व्यवस्थित ढंग से रखा गया और अनावश्यक बाहर पड़े खुले कागजातों का निपटान किया गया।

आपके निगम ने कार्यालय परिसर के रखरखाव और सफाई, फर्नीचर/इलेक्ट्रॉनिक और विद्युत उपकरणों का निपटान, धुएं का छिड़काव (fumigation) और कीट नियंत्रण (Pest Control) सुनिश्चित किया। आपके निगम के सभी शीर्ष पत्र और प्रचार सामग्री में, पीएमओ द्वारा अनुमोदित स्वच्छता पर टैगलाइन और 'स्वच्छ भारत' का लोगो मुद्रित किया। आपके निगम से वित्त पोषित सभी प्रशिक्षण संस्थानों से यह निवेदन किया गया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ होने से पूर्व प्रत्येक प्रशिक्षु स्वच्छता और सफाई पर –'स्वच्छता शपथ लें।

(iii) ई–वेस्ट प्रबंधन

वर्ष के दौरान, भारत सरकार के ई–वेस्ट (प्रबंधन और हैंडलिंग) नियम, 2011 के अनुसरण में, आपके निगम ने प्रचलित और अनुपयोगी इलेक्ट्रिकल, आईटी और इलेक्ट्रानिक वस्तुओं को पर्यावरण अनुकूल ढंग से निपटाने के लिए टेलीकम्युनिकेशन कंसलटेंट इंडिया लिमिटेड (टीसीआईएल) को नियुक्त किया। टीसीआईएल, भारत सरकार के दूरसंचार विभाग के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है। टीसीआईएल, माननीय प्रधानमंत्री, भारत सरकार के 'क्लीन इंडिया' संकल्पना के अनुसार इलेक्ट्रानिक, आईटी और टेलीकॉम वेस्ट उपकरणों के पर्यावरण अनुकूल निपटान के लिए शुरू से अंत तक अपनी निपटान सेवाएं देता है।

नई योजनाएं

(i) क्लस्टर विकास

आपका निगम, चयनित अनुसूचित जाति बहुल क्षेत्रों में, चैनल भागीदारों को योजनाओं के कार्यान्वयन में 'क्लस्टर दृष्टिकोण' अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। संपन्न क्लस्टर, स्थानीय समुदाय के लिए रोजगार, आय और मौके पैदा कर सकते हैं तथा व्यापक आधार वाले स्थानीय आर्थिक विकास में अग्रणी बन सकते हैं। वर्ष के दौरान, आपके निगम ने क्लस्टर पद्धति में योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए नॉर्थ ईस्टर्न डेवलपमेंट फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (नेडफी), गुवाहटी के माध्यम से महिला स्व–सहायता समूह को महिला समृद्धि के तहत वित्तीय सहायता दी। इस प्रक्रिया में, मणिपुर के 3 जिलों में 345 महिलाओं वाले 7 क्लस्टरों (03 सुअर पालन, 04 बुनकर) का निर्माण हुआ। इसके अलावा, एनएसएफडीसी योजना के तहत बोलपुर, पश्चिम बंगाल में 39 महिलाओं वाले एक हथकरघा क्लस्टर को पश्चिम बंगाल अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति विकास और वित्त निगम द्वारा सहायता दी गई।

(ii) क्लस्टर विकास के लिए एनएसएफडीसी निधियों का नोशनल आवंटन

वर्ष के दौरान, आपके निगम ने वित्तीय वर्ष 2016–17 से क्लस्टर विकास के लिए अलग से नोशनल आवंटन करने की नीति बनाई है। नोशनल आवंटन का बीस प्रतिशत अलग से क्लस्टर विकास के लिए रखा जाएगा। क्लस्टर विकास के लक्ष्यों की तिमाही समीक्षा की जा सकती है। केवल विशेष परिस्थितियों में, एससीए को क्लस्टर विकास के लिए आवंटित, नोशनल आवंटन का उपयोग दूसरे उद्दश्यों के लिए करने की अनुमति दी जाएगी।

(iii) आजीविका माइक्रो फाइनेंस योजना (एएमवाई): गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनी–लघु वित्त संस्थानों (एनबीएफसी–एमएफआई) के लिए योजना

एनएसएफडीसी की योजनाओं के तहत, अंतिम वित्त प्रदाता अर्थात् एनबीएफसी–एमएफआई, जो कि पिछड़े क्षेत्रों में आरंभिक मूल स्तर पर कार्य कर रहे हैं, के माध्यम से अपनी पहुँच बढ़ाने के लिए, वर्ष के दौरान, आपके निगम ने एनबीएफसी–एमएफआई के माध्यम से निधियाँ प्रदान करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक से संपर्क किया।

भारतीय रिजर्व बैंक ने अपने 1.10.2015 के परिपत्र द्वारा यह तय किया कि अनुमत्य अधिकतम परिवर्तन संबंधी शर्त, एनएसएफडीसी की ऋण सहायता के लिए एनबीएफसी–एमएफआई द्वारा दिए गए ऋण पर लागू नहीं होगी। एनएसएफडीसी की ऋण सहायता में से एनबीएफसी–एमएफआई द्वारा किसी व्यक्ति को दिया जाने वाला ऋण केवल बैंक में सीधे उनके खाते में ही जमा होगा। इसके अलावा, एनबीएफसी–एमएफआई कंपनी की निधियों की औसत लागत की गणना करने समय एनएसएफडीसी द्वारा लक्षित लाभार्थियों के अलावा ऋण के मूल्य निर्धारण उद्देश्य से एनएसएफडीसी से लिए गए ऋण को शामिल नहीं करेंगे। इसके लिए एनबीएफसी–एमएफआई, एनएसएफडीसी से प्राप्त निधियों और उसमें से दिए गए ऋण का विधिवत रिकार्ड अनुरक्षित करेंगे।

भारतीय रिजर्व बैंक से अनुमोदन प्राप्त होने पर, आपके निगम ने 01.11.2015 से लक्ष्य समूह को रु.60,000/– तक की प्रति इकाई लागत वाली परियोजनाओं हेतु ऋण देने के लिए आजीविका माइक्रो फाइनेंस योजना की शुरूआत की।

(iv) 'एससीए के रेटिंग तंत्र और बेहतर प्रदर्शन के लिए पुरस्कार' योजना

आपका निगम वर्ष 2007–08 से बेहतर प्रदर्शन करने वाले एससीए को प्रोत्साहित करने के लिए 'एससीए के लिए रेटिंग तंत्र और बेहतर प्रदर्शन के लिए पुरस्कार' योजना कार्यान्वित कर रहा है। योजना को संशोधित कर इसे 'राष्ट्रीय उत्कृष्ट प्रदर्शन पुरस्कार' (एनएपीई) कर दिया गया है। योजना में संशोधन भारत सरकार की वर्तमान प्राथमिकताओं को ध्यान में रखकर किया गया था।

वर्ष 2016–17 से रु.45 लाख (लगभग) वार्षिक के कुल बजट के साथ योजना का कार्यान्वयन किया जाएगा।

(v) एससीए को साख सूचना कंपनी (सीआईसी) का सदस्य बनाने के लिए प्रोत्साहन योजना

वर्ष के दौरान, आपके निगम ने 'एससीए को साख सूचना कंपनी के सदस्यता शुल्क की प्रतिपूर्ति' नामक योजना की शुरूआत की, इसका कार्यान्वयन वित्तीय वर्ष 2016–17 से किया जाना है। इस योजना का उद्देश्य, लक्ष्य समूह के लिए क्रेडिट रिकॉर्ड बनाने हेतु एक सिस्टम स्थापित करना है ताकि वे अपना व्यवसाय बढ़ाने के लिए आसानी से ऋण प्राप्त कर सके। यह योजना उन एससीए

के लिए लागू है जो वर्तमान में एनएसएफडीसी से संवितरण प्राप्त कर रहे हैं और सभी चारों सीआईसी की सदस्यता प्राप्त कर ली है। योजना के तहत, एससीए को चारों सीआईसी की सदस्यता ग्रहण करने पर सदस्यता शुल्क और पहले तीन वर्षों के वार्षिक शुल्क की प्रतिपूर्ति की जाएगी।

(vi) निगमित सामाजिक दायित्व के तहत निधियों को जुटाना

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा–135 के प्रावधानों के तहत बोर्ड रिपोर्ट में कुछ प्रकटन करने होते हैं। आपका निगम, अधिनियम की अनुसूची–VII में उल्लिखित गतिविधियों को पूरा करता है। इस अधिनियम की धारा–8 के अंतर्गत आने वाली कंपनियों का उल्लेख 27.02.2014 को जारी अधिसूचना के तहत नए कंपनी नियम, 2014 (निगमित सामाजिक दायित्व नीति) में भी है कि वे कार्यान्वयन करने वाली एजेंसियां होंगी।

वर्ष के दौरान, आपके निगम ने लाभ कमाने वाले दो सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों नामतः राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) और भारतीय कंटेनर निगम लिमिटेड (कॉनकोर) से निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत अनुदान प्राप्त किया। इसके अलावा, वर्ष के दौरान 265.06 लाख राशि की सीएसआर निधियां संबंधित प्रशिक्षण संस्थानों को जारी की गईं।

वित्तीय वर्ष 2015–16 के लिए उपरोक्त सीएसआर वित्त–पोषित परियोजनाओं के तहत 2 राज्यों (आंध्र प्रदेश और उत्तर प्रदेश) को कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम मंजूर किए गए हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रमों का कार्यान्वयन चल रहा है।

आगे का मार्ग

आपका निगम, आर्थिक वृद्धि को तीव्रता प्रदान करने के लिए और आय बढ़ाने के लिए लक्ष्य समूह के सहायतार्थ नवीन दृष्टिकोणों को अपनाएगा। सहायता का केंद्र बिंदु आर्थिक कार्यों, व्यावसायिक/तकनीकी शिक्षा तथा रोजगार प्रदान करने वाले कौशल विकास में बना रहेगा। भौगोलिक दृष्टि से लक्ष्य समूह की बहुलता वाले क्षेत्रों पर विशेषतः देश के पिछड़े जिलों को प्रधानता होगी। आपका निगम, अनुसूचित जाति के मध्य उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए, बहुउद्देशीय कार्यनीति को अपनाने के लिए विद्यमान सहयोगी संबंधों को बनाए रखते हुए, चैनेलाइजिंग एजेंसियों और अन्य विकास भागीदारों को नया भागीदार बनाएगा।

आभारोक्ति

कंपनी के निदेशक मंडल की ओर से, मैं आपकी सतत सहायता और बहुमूल्य मार्गदर्शन के लिए हृदय से धन्यवाद देता हूँ। मैं, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की पर्याप्त सहायता और सहयोग के लिए हार्दिक धन्यवाद देता हूँ। मैं, निदेशक मंडल का उनकी सतत सलाह और उत्साहवर्धन के लिए आभार व्यक्त करता हूँ। मैं, भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, नीति आयोग, भारतीय रिजर्व बैंक, लोक उद्यम विभाग, राज्य सरकारों और संघ शासित क्षेत्र के प्रशासनों का भी आभार व्यक्त करता हूँ। मैं, विभिन्न राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों, सिंडिकेट बैंक, आंध्रा बैंक और दस क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी), जिसमें सर्व

हरियाणा ग्रामीण बैंक, राजस्थान मरुधर ग्रामीण बैंक, प्रगति कृष्णा ग्रामीण बैंक, बड़ौदा गुजरात ग्रामीण बैंक, केरल ग्रामीण बैंक, प्रथम बैंक, कर्नाटक विकास ग्रामीण बैंक, त्रिपुरा ग्रामीण बैंक, काशी गोमती समयुत ग्रामीण बैंक, चैतन्य गोदावरी ग्रामीण बैंक, अनिक फाइनेंशियल सर्विसेज प्राईवेट लिमिटेड, ग्रामीण डेवलपमेंट एंड फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं, से प्राप्त सहयोग के लिए आभार व्यक्त करता हूँ।

मैं, प्रशिक्षण संस्थानों, जिनके कारण लक्ष्य समूह के लिए रोजगार के मौके उपलब्ध हुए हैं, उनके सहयोग के लिए हार्दिक धन्यवाद देता हूँ।

मैं, अपने निगम के सभी कर्मचारियों को निष्ठापूर्वक प्रयासों के लिए आभार व्यक्त करता हूँ जिसकी वजह से हम उच्च लक्ष्य प्राप्त कर सके। मैं इस यात्रा में सभी स्टेक होल्डरों के सतत सहयोग की आशा करता हूँ।

(श्याम कपूर)
अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक

स्थान : दिल्ली
दिनांक : 20 सिंतबर, 2016

संक्षिप्त शब्द (ऐक्रोनिम)

संक्षिप्त शब्द	पूर्ण शब्द
अजा	अनुसूचित जाति
अजजा	अनुसूचित जनजाति
अजाउयो (एससीएसपी)	अनुसूचित जाति उप योजना
अपिव	अन्य पिछड़ा वर्ग
अप्रा (एए)	अपील प्राधिकारी
आईआईटीएफ	भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला
आईटी	सूचना प्रौद्योगिकी
आईएसएसडीआरआई	वसूली संरचना के विकास के लिए राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों के लिए प्रोत्साहन योजना
ईओआईआई	व्यय से अधिक आय
ओटीसी	काउंटर पर
एचएमवी	भारी मोटर वाहन
एनएसएफडीसी	नेशनल शेड्यूल्ड कास्ट्स फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन
एनएसकेएफडीसी	नेशनल सफाई कर्मचारी फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन
एमओयू	समझौता-ज्ञापन
एमएचआरडी	मानव संसाधन विकास मंत्रालय
एलएमवी	हल्के मोटर वाहन
एलडीडीपी	चूक भुगतान पर नकद हानि
एससीए	राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियाँ
एसआरएमएस	मैनुअल स्कैवेंजरों के पुनर्वास के लिए योजना
उप्र (यूसी)	उपयोगिता-प्रमाणपत्र
जसूअ	जनसूचना का अधिकार
टीओ	पारदर्शिता अधिकारी
डीपीएल	गरीबी रेखा के दोगुने से नीचे
पीएसयू	सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम
बीपीएल	गरीबी रेखा से नीचे
मुसअ	मुख्य सतर्कता अधिकारी
याभ/मभा	यात्रा भत्ता/महँगाई भत्ता
साक्षेउ	सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम
सीएपीआईओ	केंद्रीय सहायक जनसूचना अधिकारी
सीएसआर	निगमित सामाजिक दायित्व
सीपीआईओ	केंद्रीय जनसूचना अधिकारी
सीपीएसई	केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम
संक्षे	संघ शासित क्षेत्र

एनएसएफडीसी एक नजर में

वर्ष 2015–16 का सार और तद्नुसार पिछले साल के आंकड़े नीचे दिए जा रहे है:

(रु. करोड़ में)

वित्तीय विशेषताएं		
	वर्ष 2015-16	**वर्ष 2014-15**
वर्ष के दौरान अंश पूँजी का अंशदान	100.00	100.00
आय	60.13	55.79
लाभार्थियों के लिए प्रशिक्षण संस्थानों को अनुदान	3.46	4.72
एलडीडीपी के लिए प्रावधान	-	3.27
आशोध्य और संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान	0.72	(0.30)
व्यय से अधिक आय	44.05	36.14
निवल राशि	1457.16	1311.58
ऋण लेखांकन		
ऋण मंजूरी	492.24	352.17
ऋण राशि का संवितरण	378.94	270.27
राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों से एनएसएफडीसी की वसूली	239.42	164.59
निधियों का उपयोग(%)	84.09%	84.25%

शामिल लाभार्थी		(संख्या)
	वर्ष 2015-16	**वर्ष 2014-15**
शामिल लाभार्थी	71,915	70,885
महिला लाभार्थियों का समावेशन	53,187	51,183
कौशल प्रशिक्षण के तहत लाभार्थियों की संख्या	14,805	13,258

निदेशक मंडल की रिपोर्ट (2015–16)

आपके निगम की 27वीं वार्षिक आम बैठक में, मैं आपका स्वागत करता हूँ। वार्षिक आम बैठकें, लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों, लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट तथा लेखों पर नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षकों की अभियुक्तियों के साथ आपके निगम की प्रगति पर चर्चा करने के लिए अवसर हैं।

1. निगम की रूप रेखा

आपका निगम, नेशनल शेड्यूल्ड कास्ट्स और शेड्यूल्ड ट्राइब्स फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के रूप में भारत सरकार द्वारा 08 फरवरी, 1989 को कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 25 (अब कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 8) के अधीन 'लाभ निरपेक्ष कंपनी' के रूप में स्थापित हुआ। इसने 09.04.2001 तक अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति दोनों लक्ष्य समूहों की आवश्यकताओं को पूरा किया है। निगम का 10.04.2001 को, जनजातीय कार्य मंत्रालय के अंतर्गत अनुसूचित जनजाति लक्ष्य समूह के लिए नेशनल शेड्यूल्ड ट्राइब्स फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के सृजन के कारण द्विभाजन हुआ। फलस्वरूप, आपका निगम अब पूर्णतः अनुसूचित जाति के लक्ष्य समूह की आवश्यकताओं को पूरा करता है।

1.1 दृष्टि और लक्ष्य

दृष्टि

गरीबी रेखा के दुगने से कम पर जीवन यापन करने वाले अनुसूचित जाति के व्यक्तियों के सामाजिक–आर्थिक विकास के माध्यम से, सुव्यवस्थित प्रकार से गरीबी को कम करने के लिए, चैनलाइजिंग एजेंसियों और अन्य विकास भागीदारों के साथ प्रभावी, उत्तरदायी और सहयोगात्मक तरीके से प्रमुख उत्प्रेरक के रूप में कार्य करना।

लक्ष्य

वित्तीय सहायता के प्रवाह में सुधार और कौशल विकास एवं अन्य नवीन पहलों के माध्यम से अनुसूचित जातियों की समृद्धि को बढ़ावा देना।

1.2 उद्देश्य

आपके निगम के संस्था के ज्ञापन पत्र (मेमोरेंडम् ऑफ एसोसिएशन) के अनुसार मुख्य उद्देश्यों की सूची निम्नांकित है:

(i) अनुसूचित जाति की आबादी के लिए ट्रेडों और अन्य महत्वपूर्ण आर्थिक कार्यों की पहचान करना।

(ii) अनुसूचित जाति के लोगों के कौशल और उनके द्वारा उपयोग की प्रक्रिया को उन्नत बनाना ।

(iii) छोटे, कुटीर और ग्रामीण उद्योगों को बढ़ावा देना।

(iv) अनुसूचित जाति के व्यक्तियों के उत्थान और आर्थिक कल्याण के लिए विशेष कार्यक्रमों को वित्त पोषित करना।

(v) अनुसूचित जाति के व्यक्तियों के आर्थिक हित के लिए वित्तीय सहायता के प्रवाह में सुधार करना।

(vi) लक्ष्य समूह को अपनी परियोजना स्थापित करने के लिए परियोजना तैयार करने, प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता के लिए मदद करना।

(vii) भारत और विदेश में पूर्णकालिक व्यावसायिक/तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने के लिए अनुसूचित जाति के पात्र छात्रों को ऋण देना।

(viii) पात्र युवाओं को उनके कौशल को बढ़ाने के लिए भारत में वोकेशनल शिक्षा और प्रशिक्षण कोर्स करने के लिए ऋण देना ।

उक्त उद्देश्य के अनुसरण में, आपका निगम राज्य/संघ शासित क्षेत्रों की चैनलाइजिंग एजेंसियों और अन्य चैनल भागीदारों के माध्यम से अनुसूचित जाति के लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत रियायती ब्याज दर पर वित्तीय सहायता देने और विभिन्न ऋणेत्तर योजनाओं के अंतर्गत सहायता उपलब्ध करा रहा है।

1.3 प्राधिकृत और प्रदत्त अंश पूँजी

आपके निगम की प्राधिकृत अंश पूँजी 1000.00 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 1500.00 करोड़ रुपए कर दी गई है। प्रदत्त अंश पूँजी वित्तीय वर्ष 2015–16 के आंरभ में 981.80 करोड़ रुपए थी। भारत सरकार ने वर्ष के दौरान एनएसएफडीसी को 100.00 करोड़ रूपए की ईक्विटी सहायता निर्मुक्त की। वित्तीय वर्ष के अंत में इसकी संचयी प्रदत्त पूँजी 1081.80 करोड़ रुपए हो गई (83.67 करोड़ रुपए आवंटन के लिए लंबित) ।

1.4 संगठन की संरचना

आपके निगम के कार्यालयाध्यक्ष अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक हैं जिन्हें उप महाप्रबंधक तथा वरिष्ठ कार्यपालकों की टीम द्वारा सहायता मिलती है। आपके निगम में 78 कर्मचारी हैं। परियोजना विभाग वित्त, मानव संसाधन, प्रशासन विभाग के अलावा निगमित, आंतरिक लेखा परीक्षा, समन्वय, सतर्कता, विधि, एमआईएस, कौशल प्रशिक्षण, रिकार्ड प्रबंधन और राजभाषा विभाग हैं । राज्यों में एनएसएफडीसी की योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन और अनुवीक्षण के लिए चार परियोजना डेस्क, सहायक महाप्रबंधक/मुख्य प्रबंधक के नेतृत्व में हैं तथा उन्हें विशिष्ट राज्य/संघ शासित क्षेत्र सौंपे गए हैं। परियोजना विभाग के इन चार डेस्कों के अतिरिक्त/विशेष रूप से लक्ष्य समूह के कौशल विकास से संबंधित कार्यों के लिए एक प्रशिक्षण कक्ष भी है।

राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों का कार्य देख रहे परियोजना डेस्कों का विवरण इस प्रकार है:

डेस्क	सौंपे गए राज्य/संघ शासित क्षेत्र
डेस्क–1	बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्य प्रदेश, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल
डेस्क–2	असम, दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू व कश्मीर, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, पंजाब, त्रिपुरा, सिक्किम और चंडीगढ़
डेस्क–3	आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, तेलंगाना और पुद्दुचेरी
डेस्क–4	गोआ, गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान, दमन व दीव, दादरा व नगर हवेली

संगठन का चार्ट **अनुलग्नक–I** पर दर्शाया गया है।

1.5 आँचलिक कार्यालय

आपके निगम के पाँच आँचलिक कार्यालय हैं, जो राज्य/संघ शासित क्षेत्रों के राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों और अन्य चैनल पार्टनरों से संपर्क रखते हैं और संबंधित राज्य/संघ शासित क्षेत्रों में कार्यान्वित विभिन्न योजनाओं का अनुश्रवण (मॉनीटरिंग) करते हैं। आँचलिक कार्यालयों के स्थल और उनके अधिकृत कार्यक्षेत्र नीचे दिए जा रहे हैं:

क्र. सं.	आँचलिक कार्यालय	अधिकृत कार्य क्षेत्र
(i)	बैंगलूरू	आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, तेलंगाना और पुद्दुचेरी
(ii)	गुवाहाटी	असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, त्रिपुरा और सिक्किम
(iii)	कोलकाता	बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल
(iv)	लखनऊ	छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड
(v)	मुंबई	गोआ, गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान, दमन व दीव, दादरा व नगर हवेली

उत्तरी राज्यों जैसे–हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू व कश्मीर, पंजाब और संघ शासित प्रदेश दिल्ली व चंडीगढ़ को सीधे प्रधान कार्यालय द्वारा देखा जा रहा है।

1.6 चैनल वित्त प्रणाली

(i) आपका निगम संबधित राज्य सरकार/संघ शासित क्षेत्रों द्वारा नामित देश के 37 राज्य/संघ शासित क्षेत्रों की चैनलाइजिंग एजेंसियों के नेटवर्क के माध्यम से लक्ष्य समूह को विभिन्न ऋण और ऋणेत्तर सुविधाएं देता है। इसके अतिरिक्त, आपके निगम ने योजनाओं को कार्यान्वित करने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और अन्य वैकल्पिक चैनलों जैसे झारखंड सिल्क टेक्सटाईल एडं हैंडीक्राफ्ट डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (झारक्राफ्ट) एवं नॉर्थ ईस्टर्न डेवलपमेंट फाइनेंस कॉर्पोरेशन (नेडफी) को वैकल्पिक चैनल के रूप में स्थापित किया है। 31.03.2016 को आपके निगम के पास 33 वैकल्पिक चैनलाइजिंग एजेंसियाँ हैं।

(ii) राज्य/संघ शासित क्षेत्रवार राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों/चैनलाइजिंग एजेंसियों की सूची **अनुलग्नक–II(क)** और **अनुलग्नक–II(ख)** पर दी गई है।

(iii) स्थानीय जरूरतों, पात्र आवेदकों की पहचान और लाभार्थियों के चयन, ऋणी के साथ प्रलेखन, योजनाओं का कार्यान्वयन तथा लाभार्थियों से ऋण की वसूली पर आधारित परियोजना प्रस्तावों की तैयारी एवं प्रायोजन, राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों/चैनलाइजिंग एजेंसियों के अधिकार क्षेत्र में है।

1.7 निधियों का नोशनल आंबटन

आपका निगम, प्रत्येक वित्तीय वर्ष के आरंभ में, संबंधित राज्य/संघ शासित क्षेत्र की अनुसूचित जाति की जनसंख्या के अनुपात में राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों को निधियाँ नोशनल रूप से आबंटित करता है। 2015–16 के दौरान राज्यवार/संघ शासित क्षेत्रवार/योजनावार नोशनल आबंटन की तुलना में निधियों का संवितरण **अनुलग्नक–III** पर दिया गया है।

1.8 निधियों की निर्मुक्ति के लिए मानक (नॉर्म्स)

राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों को निधियों की निर्मुक्ति करने से पहले, निम्नलिखित शर्तों पर विचार किया जाता है:

(i) गारंटी:

राज्य सरकार की गारंटी/बैंक गारंटी/राज्य सरकार के आदेशों/राज्य सरकार के आश्वासनों की पर्याप्त उपलब्धता।

(ii) उपयोग स्तर

पूर्ववर्ती माह की समाप्ति पर पिछले तीन वर्षों में संबंधित एससीए को निर्मुक्त निधियों का कम से कम 80% संचयी उपयोग स्तर होना चाहिए। इसके अतिरिक्त, संवितरण वर्ष को छोड़कर, एससीए को पिछले तीन वित्त वर्षों से पूर्व संवितरित निधि का पूर्ण उपयोग होना चाहिए।

(iii) देयों की चुकौती

पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष के अंत में एक वर्ष से अधिक कोई अतिदेय/बकाया राशि नहीं होनी चाहिए।

उक्त मानदंडों का ऋण योजनाओं में संवितरण के मामले में पालन किया जाता है। जहाँ तक 01.12.2009 से आरंभ शिक्षा ऋण योजना का संबंध है, शिक्षा ऋण की मंजूरी के समय राज्य सरकार गारंटी की उपलब्धता और एक वर्ष से अधिक पुराना अतिदेय का न होना सुनिश्चित किया जाता है।

1.9 आवेदकों का पात्रता मानदंड

एनएसएफडीसी की योजनाओं के अंतर्गत शामिल होने के लिए आवेदकों का पात्रता मानदंड इस प्रकार है:

(i) आवेदक अनुसूचित जाति समुदाय का होना चाहिए।

(ii) आवेदक की वार्षिक पारिवारिक आय गरीबी सीमा रेखा के दोगुने आय सीमा से कम होनी चाहिए (वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 98,000/– रुपए वार्षिक एवं शहरी क्षेत्रों के लिए 1,20,000/– रुपए वार्षिक)।

1.10 महिला लाभार्थियों के समावेशन के लिए मानदंड

एनएसएफडीसी की महिला समृद्धि योजना के अंतर्गत सहायता प्राप्त लघु व्यवसाय इकाई, हरियाणा, के निरीक्षण के दौरान श्री श्याम कपूर, अप्रनि, एनएसएफडीसी।

आपका निगम अपनी योजनाओं के अंतर्गत अधिक से अधिक महिला लाभार्थियों को शामिल करने के लिए कटिबद्ध है। अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़ा वर्ग की महिलाओं के शैक्षणिक, आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण के लिए सरकारी कार्यक्रमों/ योजनाओं के सम्मेलन और समन्वय पर टास्क फोर्स की अनुशंसा के परिणामस्वरूप, आपके निगम ने पहले के केवल 30% के प्रत्यक्ष मानदंड की तुलना में वित्तीय और प्रत्यक्ष दोनों रूप में 40% तक महिला लाभार्थियों को शामिल करने के लिए मानदंड में संशोधन किया है।

1.11 आपके निगम की योजनाएँ

आपके निगम के पास लाभार्थियों को आर्थिक और अन्य सहायता देने के लिए विभिन्न ऋण आधारित और ऋणेत्तर योजनाएँ हैं। लाभार्थियों को ऋण कृषि और समवर्गी, लघु उद्योग और परिवहन के साथ सर्विस सेक्टर के अंतर्गत विभिन्न आर्थिक गतिविधियों के लिए उपलब्ध कराया जाता है। आपका निगम उच्च शिक्षा लेने और वोकेशनल शिक्षा और प्रशिक्षण के लिए भी ऋण प्रदान करता है।

राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों/चैनलाइजिंग एजेंसियों के माध्यम से लक्ष्य समूह के लिए निगम द्वारा वित्त पोषित योजनाओं के विवरण इस प्रकार हैं:

1.11.1 ऋण आधारित योजनाएँ

1.11.1(क) योजना, यूनिट लागत और ब्याज दर

आपके निगम ने पिछले कुछ वर्षों में अपने लक्ष्य समूह के सामाजिक–आर्थिक विकास के लिए, मियादी ऋण, कार्यशील पूँजी ऋण, लघु ऋण वित्त, महिला समृद्धि योजना, महिला किसान योजना, शिल्पी समृद्धि योजना, लघु व्यवसाय योजना, नारी आर्थिक सशक्तिकरण योजना, शिक्षा ऋण योजना, वोकेशनल शिक्षा और प्रशिक्षण ऋण योजना, हरित व्यवसाय योजना और आजीविका माइक्रो फाइनेंस योजना सहित विभिन्न योजनाएं बनाई हैं। इन योजनाओं के अंतर्गत दी जा रही ऋण राशि की प्रमात्रा के आधार पर 1% से 8% तक वार्षिक की रेंज में रियायती ब्याज–दर पर ऋण दिया जाता है। इसके अलावा, राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों/चैनलाइजिंग एजेंसियों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत उक्त ब्याज दरों में 2–3% (आजीविका माइक्रो फाइनेंस योजना के मामले में 8% को छोड़कर) जोड़ने की और लाभार्थियों से ब्याज प्रभारित करने की अनुमति दी जाती है।

क्र. सं.	योजना	यूनिट लागत	प्रभारित वार्षिक ब्याज दर	
			चैनलाइजिंग एजेंसी	लाभार्थीगण
i	मियादी ऋण	रु.30.00 लाख तक, तथापि ब्याज एनएसएफडीसी अंश/इकाई के आधार पर निम्नानुसार प्रभारित किया जाता है।		
	(क) मियादी ऋण	रु.5.00लाख तक	3%	6%
	(ख) मियादी ऋण	रु.5.00 लाख से अधिक व रु.10.00 लाख तक	5%	8%
	(ग) मियादी ऋण	रु.10.00 लाख से अधिक और रु.20.00 लाख तक	6%	9%
	(घ) मियादी ऋण	रु.20.00 लाख से अधिक और रु.27.00 लाख तक	7%	10%
ii	कार्यशील पूँजी ऋण	रु.5.00 लाख तक की परियोजना लागत के लिए संपूर्ण कार्यशील पूँजी और रु. 5.00 लाख से अधिक और रु.30.00 लाख तक की परियोजना लागत के लिए कुल कार्यशील पूँजी का 70% अथवा रु.7.00 लाख/इकाई, जो भी कम हो, उपलब्ध कराया जाता है।	8%	10%
iii	लघु ऋण वित्त	रु.0.50 लाख तक	2%	5%
iv	महिला समृद्धि योजना	रु.0.50 लाख तक	1%	4%
v	महिला किसान योजना	रु.0.50 लाख तक	2%	5%
vi	शिल्पी समृद्धि योजना	रु.0.50 लाख तक	2%	5%
vii	लघु व्यवसाय योजना	रु.3.00 लाख तक	3%	6%

क्र. सं.	योजना	यूनिट लागत	प्रभारित वार्षिक ब्याज दर	
			चैनलाइजिंग एजेंसी	लाभार्थीगण
viii	नारी आर्थिक सशक्तिकरण योजना	एनएसएफडीसी की किसी भी योजना के अनुसार	1%	4%
ix	शिक्षा ऋण योजना	संपूर्ण पाठ्यक्रम शुल्क का 90% तक एनएसएफडीसी का अंश अथवा रु.10.00 लाख तक (भारत में) और रु.20.00 लाख तक (विदेश में), जो भी कम हो	1.5%	4% (महिला लाभार्थियों के लिए 0.5% छूट)
x	वोकेशनल शिक्षा और प्रशिक्षण ऋण योजना	रु.1.50 लाख तक	1.5%	4% (महिला लाभार्थियों के लिए 0.5% छूट)
xi	हरित व्यवसाय योजना	रु.1.00 लाख तक रु.1.00 लाख से अधिक और रु.2.00 लाख तक	1% 2%	3% 5%
xii	आजीविका माइक्रो फाइनेंस योजना	रु.0.60 लाख तक	महिलाओं के लिए 4% पुरूषों के लिए 5%	महिलाओं के लिए 12%* पुरूषों के लिए 13%*

*आजीविका माइक्रो फाइनेंस योजना के तहत लक्ष्य समूह वार्षिक आधार पर देयों की समय से पूर्ण अदायगी करने पर एनएसएफडीसी से ब्याज में 2% वार्षिक की दर से छूट पाने के पात्र होंगे, जिसे एनबीएफसी–एमएफआई लाभार्थियों द्वारा त्वरित चुकौती किए जाने की सूचना मिलने के बाद प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) द्वारा सीधे लाभार्थियों के खाते में एनएसएफडीसी द्वारा जमा की जाएगी।

1.11.1(ख) वित्त के साधन

आपके निगम की ऋण नीति के अनुसार, निगम (एनएसएफडीसी) इकाई लागत का 90% तक ऋण उपलब्ध कराता है और शेष राज्य चैनलाइजिंग एजेंसी एवं/अथवा प्रवर्तक (प्रमोटर) 10% उपलब्ध कराते हैं, केवल वोकेशनल शिक्षा और प्रशिक्षण ऋण योजना, को छोड़कर, जहाँ ऋण के रूप में परियोजना लागत का शतप्रतिशत उपलब्ध कराया जाता है।

1.11.1(ग) प्रवर्तक का अंशदान

परियोजना में प्रवर्तक की हिस्सेदारी और योगदान के लिए प्रति इकाई 1.00 लाख रुपए से अधिक की मियादी ऋण परियोजना लागत के लिए प्रवर्तक (प्रमोटर) के अंशदान पर नीचे दिए विवरण के अनुसार बल दिया जाता है:

क्र. सं.	योजना/इकाई लागत	परियोजना लागत के प्रतिशत के रूप में प्रवर्तक का कम से कम अंशदान
i	रु.1.00 लाख तक की परियोजना लागत के लिए	इस पर बल नहीं दिया जाता है
ii	रु.1.00 लाख से अधिक तथा रु.2.50 लाख तक की परियोजना लागत के लिए	2%
iii	रु.2.50 लाख से अधिक तथा रु.5.00 लाख तक की परियोजना लागत के लिए	3%
iv	रु.5.00 लाख से अधिक तथा रु.10.00 लाख तक की परियोजना लागत के लिए	5%
v	रु.10.00 लाख से अधिक तथा रु.20.00 लाख तक की परियोजना लागत के लिए	7%
vi	रु.20.00 लाख से अधिक तथा रु.30.000 लाख तक की परियोजना लागत के लिए	10%

1.11.1(घ) लाभार्थियों को सहायिकी (सब्सिडी)

शिक्षा ऋण योजना तथा वोकेशनल शिक्षा और प्रशिक्षण ऋण योजना को छोड़कर, सभी योजनाओं में राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों द्वारा सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय से राज्य सरकार को निर्मुक्त अनुसूचित जाति उप–योजना (एससीएसपी) के लिए विशेष केंद्रीय सहायता से 10,000/– रुपए की दर से अथवा इकाई लागत का 50% जो भी कम हो, की सहायिकी (सब्सिडी) गरीबी रेखा से कम आय वाले लाभार्थियों के लिए उपलब्ध कराया जाना अपेक्षित है। भारत में व्यावसायिक और तकनीकी कोर्सों (12वीं कक्षा के बाद) में नामांकित लाभार्थी मोरेटोरियम अवधि के दौरान ब्याज सब्सिडी के भी पात्र हैं, जोकि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों के लिए केंद्रीय ब्याज सब्सिडी की योजना के अंतर्गत मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा उपलब्ध करायी जाती है।

1.11.1(ङ) विलंबन काल (मोरेटोरियम)

लाभार्थियों को ऋण संवितरण के बाद मूल राशि की अदायगी के लिए विलंबन अवधि (अदायगी अवधि अवकाश) दिया जाता है ताकि लाभार्थी अपने व्यापार कार्य में स्थायी हो सकें। तथापि, ब्याज राशि के भुगतान के लिए विलंबन काल नहीं दिया जाता है। योजनावार विलंबन अवधि नीचे दी जा रही है:

- मियादी ऋण योजना : व्यापार कार्य की प्रकृति के आधार पर 6 माह से 12 माह
- लघु ऋण वित्त : 3 माह
- महिला समृद्धि योजना : 3 माह
- महिला किसान योजना : 12 माह
- शिल्पी समृद्धि योजना : 6 माह
- लघु व्यवसाय योजना : 6 माह
- नारी आर्थिक सशक्तिकरण योजना : योजना की प्रकृति के आधार पर 3–12 माह
- शिक्षा ऋण योजना : पाठ्यक्रम पूरा होने के छह माह बाद अथवा रोजगार पाने पर, जो भी पहले हो।
- वोकेशनल शिक्षा और प्रशिक्षण योजना : पाठ्यक्रम पूरा होने के छह माह बाद अथवा रोजगार पाने पर, जो भी पहले हो।
- हरित व्यवसाय योजना : 6 माह
- आजीविका माइक्रो फाइनेंस योजना : 3 माह

1.11.1(च) ऋण अदायगी अवधि

ऋण अदायगी अवधि, नकदी प्रवाह अर्जन के मूल्यांकन, परियोजना परिसंपत्ति की आयु एवं परियोजना की गेस्टेशन अवधि के आधार पर निश्चित होती है। विभिन्न योजनाओं और गतिविधियों के अंतर्गत ऋण अदायगी अवधि नीचे दी जा रही है:

योजनाएँ		चुकौती अवधि
मियादी ऋण योजना		
भूमि आधारित कार्य (कृषि भूमि पर खेती, बागवानी व सिंचाई इत्यादि)	:	10 वर्ष तक
परिवहन कार्य (ऑटोरिक्शा, जीप, मालवाहक इत्यादि)	:	5 वर्ष तक
लघु उद्योग	:	5 वर्ष तक
सेवा क्षेत्र कार्य	:	5 वर्ष तक
कार्यशील पूँजी ऋण	:	2 वर्ष तक
महिला किसान योजना	:	10 वर्ष तक
शिल्पी समृद्धि योजना	:	5 वर्ष तक
लघु व्यवसाय योजना	:	6 वर्ष तक
नारी आर्थिक सशक्तिकरण योजना	:	10 वर्ष तक
वोकेशनल शिक्षा और प्रशिक्षण ऋण योजना	:	5 वर्ष तक (रु.1.00 लाख तक के ऋण के लिए) और 7 वर्ष तक (रु.1.00 लाख से अधिक के ऋण के लिए)
शिक्षा ऋण योजना	:	10 वर्ष तक (रु.7.50 लाख तक के ऋण के लिए) और 15 वर्ष तक (रु.7.50 लाख से अधिक ऋण के लिए)
लघु ऋण वित्त	:	3 वर्ष तक
महिला समृद्धि योजना	:	3 वर्ष तक
हरित व्यवसाय योजना	:	6 वर्ष तक
आजीविका माइक्रो फाइनेंस वित्त योजना	:	3 वर्ष तक

1.11.1(छ) दूसरी बार ऋण सुविधा

लघु ऋण वित्त और महिला समृद्धि योजना के लाभार्थीगण एनएसएफडीसी की किसी भी योजनांतर्गत दूसरी बार ऋण लेने के पात्र हैं, यदि वह निर्धारित अवधि में पूरी ऋण राशि की अदायगी करते हैं।

इसके अलावा, निगम प्रति यूनिट रु.2.00 लाख तक परियोजना लागत के मियादी ऋण के अंतर्गत लाभार्थियों को दूसरी बार भी ऋण (महिला किसान योजना, शिल्पी समृद्धि योजना, लघु व्यवसाय योजना सहित) देता है, बशर्ते कि (क) पहले लिए गए ऋण की समय पर पूरी अदायगी हो और (ख) वास्तव में सृजित परिसंपत्ति तथा व्यापार के सफलतापूर्वक चलने पर फील्ड रिपोर्ट प्रस्तुत की हो।

1.11.1(ज) वित्त पोषित परियोजनाओं की क्षेत्रवार निदर्शी सूची

विभिन्न ऋण योजनाओं के अंतर्गत निधित परियोजनाओं को चार मुख्य सेक्टरों नामतः कृषि और समवर्गी, लघु उद्योग, सेवा एवं

एनएसएफडी की लघु ऋण वित्त योजना के अंतर्गत सहायता प्राप्त लाभार्थी श्री प्रवीण कुमार, जिला करनाल, हरियाणा, अपनी बढ़ईगिरी की इकाई में कार्य करते हुए।

परिवहन तथा शिक्षा ऋण योजना में वर्गीकृत किया जाता है। विभिन्न क्षेत्रों के अंतर्गत परियोजनाओं की निदर्शी सूची नीचे दी जा रही है:

कृषि एवं समवर्गी क्षेत्र

- कृषि भूमि खरीद
- डेयरी
- हरित व्यवसाय(पॉली हाऊस)
- ट्रेक्टर ट्रॉली
- ट्रॉली के साथ शक्ति चालित यंत्र

उद्योग क्षेत्र

- आटा चक्की और मिर्च पिसाई चक्की
- फ्लाई एश ईंट निर्माण

सर्विस एवं परिवहन क्षेत्र

- लघु उद्यम
- किराना और शीतल पेय
- मिनी होटल
- मिनी सुपर बाजार
- कंक्रीट मिश्रण
- इंटरनेट के साथ जीरोक्स मशीन
- लघु व्यापार
- मशरुम प्रसंस्करण
- हरित व्यवसाय ई–रिक्शा
- पिकअप वैन
- सामान वाहक ऑटो ट्रॉली
- टैक्सी कार
- लघु व्यवसाय (कृषि और समवर्गी)
- टैंट हाऊस
- सेंटरिंग मैटेरियल
- दवा की दुकान
- चमड़े की चप्पल उत्पादन इकाई
- लेजर और स्क्रीन के साथ डीटीपी
- फास्ट फूड
- गेस्ट हाऊस सह–लॉज
- ऑटो टैक्सी
- जीप टैक्सी
- मालवाहक ऑटो
- सवारी ऑटो

शिक्षा ऋण योजना

- इंजीनियरिंग (इलैक्ट्रिकल, मैकनिकल, प्लास्टिक प्रौद्योगिकी में डिप्लोमा) बी.ई, बी.टेक, एमटेक इत्यादि
- परिवहन डिजाइन में पी.जी. डिप्लोमा
- वास्तुकला (बी.आर्क)
- चिकित्सा (बीएएमएस/बीएचएमएस/एमबीबीएस/एमडी)
- फॉर्मेसी (बी.फार्मा/एम.फार्मा)
- हॉस्पिटलिटी और होटल प्रबंधन (बी.एससी.)
- नर्सिंग (बी.एससी.)
- सूचना प्रौद्योगिकी (बीसीए/एमएसीए)
- प्रबंधन (बीबीए/एमबीए)
- विधि (एलएलबी/एलएलएम)
- डेंटल (बीडीएस)
- शिक्षा (पीटीसी/बी.एड)

1.11.2 ऋणेतर आधारित योजनाएँ

1.11.2(क) कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम

(i) आपका निगम कंप्यूटर प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण की मरम्मत, अप्रेरल टेक्नॉलजी, मोबाइल रिपेयरिंग, रिटेल प्रबंधन, बैंकिंग और वित्तीय सेवाएँ एवं बीमा व्यवसायी, चमड़ा प्रसंस्करण हाऊसकीपिंग तथा हॉस्पिटलिटी, हेल्थ केअर, फूड प्रोसेसिंग, सौंदर्य एवं स्वास्थ्य तथा फैशन डिजाइनिंग इत्यादि नियोजन योग्य क्षेत्रों में लक्ष्य समूह के शिक्षित बेरोजगार व्यक्तियों के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम को प्रायोजित करता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम, तकनीकी कौशल के अलावा सॉफ्ट कौशल का भी प्रशिक्षण देते हैं।

(ii) प्रशिक्षणार्थियों को नियोजन सहायता और/अथवा अपना स्व–व्यवयाय शुरू करने के लिए उद्यमी मार्गदर्शन भी दिए जाते हैं। चैनलाइजिंग एजेसियों के माध्यम से उन्हें एनएसएफडीसी द्वारा वित्तीय सहायता भी दी जाती है।

(iii) ये कार्यक्रम प्रतिष्ठित सरकारी/अर्ध–सरकारी/स्वायत्त संस्थानों, विश्वविद्यालयों/मानद विश्वविद्यालयों/क्षेत्रीय कौशल परिषद/क्षेत्रीय कौशल परिषद से संबद्ध प्रशिक्षण प्रदाताओं के माध्यम से आयोजित किए जाते हैं तथा प्रशिक्षणार्थियों को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षण अवधि के दौरान प्रतिमाह रू.1500/– की दर से वृत्तिका दी जाती है।

1.11.2(ख) लाभार्थियों को विपणन सहायता

आपका निगम लाभार्थियों को अपने उत्पादों को चुनिंदा प्रदर्शनियों एवं मेलों में बिक्री योग्य उत्पादों को बेचने के लिए अवसर प्रदान करता है।

1.11.2(ग) मेले और प्रदर्शनी में लाभार्थियों को निःशुल्क स्टाल

(i) आपका निगम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनियों एवं मेलों में भाग लेता है तथा लाभार्थियों को अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने एवं बेचने के लिए निःशुल्क स्टाल उपलब्ध कराता है।

(ii) इन प्रदर्शनियों में प्रतिभागिता से लाभार्थियों को न केवल अपने उत्पाद को बेचने बल्कि ग्राहकों, डीलरों और निर्यातकों से बातचीत करने एवं नए उत्पादों के विकास के लिए जरूरतों/आवश्यकताओं को जानने का भी अवसर मिलता है।

एनएसएफडीसी की लघु व्यवसाय योजना के अंतर्गत हरियाणा राज्य के एक लाभार्थी से मुलाकात करते हुए श्री श्याम कपूर, अप्रनि, एनएसएफडीसी।

1.11.2(घ) लाभार्थियों को विपणन प्रशिक्षण

ग्राहकों की जरूरतों के अनुसार, शिल्पकारों के उत्पादों के विपणन और विकास/ पुनः डिजाइनिंग संबधित विभिन्न प्रकार के आदानों को लाभार्थियों को उपलब्ध कराने के लिए विपणन प्रशिक्षण दिया जाता है। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों में काउंटर पर अच्छी विक्रय कला के कार्य–निवेश के साथ ग्राहकों की जरूरतों के अनुकूल उत्पादों में रूपांतर कैसे किया जाए, इस पर जोर दिया जाता है।

1.11.2(ङ) जागरूकता कैंप

एनएसएफडीसी की योजनाओं के बारे में लक्ष्य समूह के बीच जन–जागरूकता पैदा करने के लिए विभिन्न राज्यों में जागरूकता कैंप आयोजित किए जाते हैं। इन कैंपों में प्रस्तुतिकरण किया जाता है और उपस्थितों को एनएसएफडीसी की योजनाओं की जानकारी संबंधी ब्रोशर और पैमफ्लेट बाँटे

जाते हैं। सफल लाभार्थियों को एनएसएफडीसी की योजनाओं और व्यापार संबंधी अन्य गतिविधियों के अंतर्गत ऋण लेने के अपने अनुभवों को जनसमूह के साथ साझा करने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

2. प्रबंध समिति की चर्चा और रिपोर्ट का मूल्यांकन

2.1 वर्ष के दौरान उपलब्धियाँ

2.1.1 निधियों का संवितरण

वर्ष के दौरान, आपके निगम ने एससीए/सीए को 63,000 लाभार्थियों (समझौता–ज्ञापन के अंतर्गत 'उत्कृष्ट' लक्ष्य) की तुलना में 71,915 लाभार्थियों को लाभांवित करने तथा योजनाओं को कार्यान्वित करने के लिए 315.00 करोड़ रुपए (समझौता–ज्ञापन के अंतर्गत 'उत्कृष्ट' लक्ष्य) की तुलना में 378.94 करोड़ रुपए संवितरित किए।

2.1.1(क) योजनावार संवितरण–शामिल लाभार्थियों का विवरण :

वर्ष 2015–16 और उससे पूर्व वर्ष के लिए संवितरण का योजनावार और शामिल लाभार्थियों का विवरण नीचे दिया जा रहा है:

क्र.सं.	योजना	राशि (करोड़ रुपए में)		लाभार्थी (संख्या)	
		2014-15	2015-16	2014-15	2015-16
क.	**मियादी ऋण योजना**				
(i)	मियादी ऋण	109.76	88.71	9,088	4,878
(ii)	महिला किसान योजना	1.62	0.34	380	86
(iii)	शिल्पी समृद्धि योजना	0.22	0.19	54	46
(iv)	लघु व्यवसाय योजना	40.67	143.01	4,697	15,797
(v)	शिक्षा ऋण योजना	8.33	9.80	381	399
	उप कुल (क)	**160.60**	**242.05**	**14,600**	**21,206**
ख.	**लघु ऋण योजना**				
(i)	लघु ऋण योजना	45.76	37.67	22,488	8,879
(ii)	महिला समृद्धि योजना	63.91	98.97	33,797	41,738
(iii)	आजीविका माइक्रो फाइनेंस योजना*	0.00	0.25	0	92
	उप कुल (ख)	**109.67**	**136.89**	**56,285**	**50,709**
	सकल कुल (क) + (ख)	**270.27**	**278.94**	**378.94**	**71,915**

*वित्तीय वर्ष 2015–16 में आरंभ नई योजना।

वित्तपोषण की मुख्य गतिविधियों में मियादी ऋण के अंतर्गत वित्त पोषित लाभार्थियों की राज्यवार/संघ शासित क्षेत्रवार/गतिविधिवार संख्या **अनुलग्नक–IV** पर है।

2.1.1(ख) संवितरण का क्षेत्रवार विवरण और शामिल लाभार्थी:

क्र. सं.	योजना		राशि (करोड़ रुपए में)		लाभार्थी (संख्या)	
			2014-15	2015-16	2014-15	2015-16
(i)	(क)	मियादी ऋण प्राथमिक सेक्टर (भूमि, खरीद, सिंचाई और अन्य संबद्ध गतिविधियाँ)	70.68	14.43	6,237	594
	(ख)	द्वितीयक सेक्टर (उद्योग)	0.19	0.00	13	01
	(ग)	तृतीयक सेक्टर (सेवा व परिवहन)	38.89	74.28	2,838	4,283
		कुल (क)+(ख)+(ग)	**109.76**	**88.71**	**9,088**	**4,878**
(ii)	महिला किसान योजना (प्राथमिक सेक्टर)		1.62	0.34	380	86
(iii)	शिल्पी समृद्धि योजना (एकल)		0.22	0.19	54	46
(iv)	लघु व्यवसाय योजना		40.67	143.01	4,697	15,797
(v)	लघु ऋण वित्त योजना		45.76	37.67	22,488	8,879
(vi)	महिला समृद्धि योजना		63.91	98.97	33,797	41,738
(vii)	आजीविका माइक्रो फाइनेंस योजना		0.00	0.25	0	92
(viii)	शिक्षा ऋण योजना		8.33	9.80	381	399
	सकल कुल (i से viii)		**270.27**	**378.94**	**70,885**	**71,915**

2.1.1(ग) समझौता–ज्ञापन लक्ष्य की तुलना में उपलब्धियाँ (2015–16)

वित्तीय वर्ष 2015–16 के लिए समेकित समझौता–ज्ञापन की तुलना में उपलब्धियाँ **अनुलग्नक–V** पर दी हैं। समझौता–ज्ञापन के सभी लक्ष्य 'उत्कृष्ट' वर्ग के अंतर्गत हासिल किए गए हैं और वित्तीय वर्ष 2015–16 की रेटिंग लेखा परीक्षित डाटा के आधार पर कुल भारित अंक और समग्र अंक क्रमशः 500 और 100% है जो 'उत्कृष्ट श्रेणी' की पुष्टि करता है।

2.1.2(घ) राज्य/संघ शासित क्षेत्रवार ब्योरा

पिछले वर्ष (2014–15) की तुलना में 2015–16 में राज्यवार/संघ शासित क्षेत्रवार/योजनावार संवितरण तथा लाभार्थियों का समावेशन दर्शाने वाला ब्यौरा आगे विवरणिका और ग्राफ में दिया जा रहा है:

क्र.सं.	विवरण	अनुलग्नक
(i)	गत वर्ष (2014–15) और चालू वर्ष (2015–16) की तुलना में राज्यवार/संघ शासित क्षेत्रवार/योजनावार निधियों का संवितरण	VI
(ii)	चालू वर्ष 2015–16 में शामिल लाभार्थियों की संख्या का राज्यवार/संघ शासित क्षेत्रवार/योजनावार/लिंगवार विवरण	VII
(iii)	मियादी ऋण (2015–16) में शामिल लाभार्थियों की संख्या सहित निधियों के संवितरण का राज्यवार/संघ शासित क्षेत्रवार/क्षेत्रवार विवरण	VIII
(iv)	2015–16 में मियादी ऋण के तहत शामिल लाभार्थियों का राज्यवार/संघ शासित क्षेत्रवार/योजनावार/लिंगवार ब्यौरा	IX

2015–16 के दौरान निष्पादन को नीचे ग्राफ में दर्शाया गया है:







2.1.2 <u>महिला लाभार्थियों का कवरेज</u>

- वर्ष के दौरान, आपके निगम ने विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 53,187 महिला लाभार्थियों को ऋण दिया है जो कि महिला लाभार्थियों को लाभांवित करने के 40% मानदंड की प्रत्यक्ष शर्तों की तुलना में कुल कवरेज का 73.96% है।



- राशिवार, महिला लाभार्थियों को रु.192.16 करोड़ वितरित किया गया है जो कि 40% के वित्तीय शर्तों के मानदंड की तुलना में वर्ष के कुल संवितरण का 50.71% है।



- गत तीन वर्षों के दौरान महिला लाभार्थियों का संवितरण बढ़ते क्रम में है।



2.1.3 ग्रामीण/शहरी क्षेत्रों में लाभार्थियों का समावेशन

वर्ष 2015–16 के दौरान, आपके निगम ने ग्रामीण क्षेत्रों से 55.33% और शहरी क्षेत्रों से 44.67% लाभार्थियों को शामिल किया गया है।



2.1.4 निधि उपयोग अभियान

वर्ष के दौरान, आपके निगम ने योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए निर्मुक्त निधियों के उपयोग में सुधार लाने के लिए राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों के साथ गहन अभियान चलाया है। इसके परिणामस्वरूप 31.03.2016 को संचयी उपयोग स्तर 84.09% प्राप्त किया।

2.1.5 शामिल लाभार्थी–गरीबी रेखा से नीचे वाले (बीपीएल)/गरीबी रेखा के दोगुने वाले (डीपीएल)

वर्ष 2015–16 के दौरान, आपके निगम ने बीपीएल के अंतर्गत 82.00% और डीपीएल के अंतर्गत 18% लाभार्थियों को शामिल किया।



2.1.6 संचयी संवितरण की तुलना में ईक्विटी सहायता

- वर्ष के दौरान, आपके निगम को भारत सरकार से 100.00 करोड़ रुपए की ईक्विटी सहायता मिली और 378.94 करोड़ रुपए संवितरित किए।
- आपके निगम ने 31.03.2016 तक 5.57 लाख महिला लाभार्थियों (55.25%) सहित कुल 10.08 लाख लाभार्थियों को शामिल करते हुए 1081.80 करोड़ रुपए (आवंटन के लिए 83.67 करोड़ रूपए लंबित हैं) की संचयी ईक्विटी सहायता की तुलना में 3398.82 करोड़ रुपए का संचयी संवितरण किया।
- अब तक यह संवितरण भारत सरकार से प्राप्त ईक्विटी सहायता का 3.14 गुना है।



2.1.7 राज्य चैनलाइजिंग एजेंसी / चैनलाइजिंग एजेंसी से वसूली

वर्ष के दौरान, आपके निगम ने राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों / चैनलाइजिंग एजेंसियों से 239.42 करोड़ रुपए ऋण वसूली की।



2.1.8 राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों / चैनलाइजिंग एजेंसियों के कार्य

एनएसएफडीसी ने चैनल वित्त प्रणाली अपनायी है जिसमें राज्य चैनलाइजिंग एजेंसी / चैनलाइजिंग एजेंसियों के माध्यम से लाभार्थियों को निधि दी जाती है। वित्त वर्ष के आरंभ में सामान्य चैनल में 37 राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियाँ और वैकल्पिक चैनल में 17 चैनलाइजिंग एजेंसियाँ थीं। 16 नई चैनलाइजिंग एजेंसियाँ वैकल्पिक चैनल में जोड़ी गई हैं। इस प्रकार एनएसएफडीसी के पास 37 राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियां हैं और 27 राज्यों एवं 5 संघ शासित क्षेत्रों में वैकल्पिक चैनल में 33 अन्य चैनलाइजिंग एजेंसियां हैं, इनमें से 25 राज्यों और 2 संघ शासित क्षेत्र ने निधियाँ ली हैं।

2.1.9 भागीदारी

2.1.9(क) लाभार्थियों को प्रशिक्षित करने के लिए प्रशिक्षण संस्थानों के साथ भागीदारी:

वर्ष के दौरान, आपके निगम ने लक्ष्य समूह को कौशल प्रशिक्षण देने के लिए निम्नांकित प्रशिक्षण संस्थानों के साथ भागीदारी की:

क्र. सं.	कौशल प्रशिक्षण भागीदार
(i)	एपैरल ट्रेनिंग एंड डिजाइन सेंटर (एटीडीसी), गुड़गांव
(ii)	सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ प्लास्टिक इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलजी (सीआईपीईटी), चैन्ने
(iii)	खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी), मुंबई
(iv)	इलैक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (इसीआईएल), हैदराबाद
(v)	नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर इंटरप्रनर्शिप एंड स्माल बिजनेस डेवलपमेंट (निस्बड), नोएडा
(vi)	केंद्रीय चमड़ा अनुसंधान संस्थान (सीएलआरआई), चैन्ने
(vii)	केरल स्टेट इलैक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (केएसईडीसी), कोलकाता
(viii)	लोक भारती स्किलिंग सोल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड और राष्ट्रीय भवन निर्माण निगम (एनबीसीसी), नई दिल्ली

एनएसएफडीसी के कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान श्री श्याम कपूर, अप्रनि, एनएसएफडीसी और सिपेट के वरिष्ठ अधिकारीगण के साथ पारस्परिक संवाद करते हुए।

2.1.9(ख) **<u>निगम के उद्देश्यों का लाभ उठाने के लिए सरकारी विभाग/स्थापित संस्थानों के साथ भागीदारीः</u>**

वर्ष के दौरान, आपके निगम ने अपने उद्देश्यों का लाभ उठाने के लिए निम्नांकित संस्थानों के साथ भागीदारी स्थापित कीः

क्र. सं.	संस्थान	अभियुक्ति
(i)	सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक, रोहतक	हरियाणा में पहुँच बढ़ाने के लिए
(ii)	सिंडिकेट बैंक, बैंगलूरु	राष्ट्रीय स्तर पर पहुँच बढ़ाने के लिए
(iii)	राजस्थान मरुधारा ग्रामीण बैंक, जोधपुर	राजस्थान में पहुँच बढ़ाने के लिए
(iv)	प्रगति कृष्णा ग्रामीण बैंक, बेल्लारी, कर्नाटक	कर्नाटक में पहुँच बढ़ाने के लिए
(v)	बड़ौदा गुजरात ग्रामीण बैंक, भरुच, गुजरात	गुजरात में पहुँच बढ़ाने के लिए
(vi)	केरल ग्रामीण बैंक, मल्लाप्पुरम, केरल	केरल में पहुँच बढ़ाने के लिए
(vii)	प्रथम बैंक, मुरादाबाद, उप्र	उत्तर प्रदेश में पहुँच बढ़ाने के लिए
(viii)	कर्नाटक विकास ग्रामीण बैंक, धारवाड़, कर्नाटक	कर्नाटक में पहुँच बढ़ाने के लिए
(ix)	त्रिपुरा ग्रामीण बैंक, अगरतला	त्रिपुरा में पहुँच बढ़ाने के लिए
(x)	काशी गोमती संयुक्त ग्रामीण बैंक, वाराणसी, उप्र	उत्तर प्रदेश में पहुँच बढ़ाने के लिए
(xi)	चैतन्य गोदावरी ग्रामीण बैंक, गुंटूर, आप्र	आंध्र प्रदेश में पहुँच बढ़ाने के लिए
(xii)	आंध्रा बैंक, हैदराबाद, तेलंगाना	राष्ट्रीय स्तर पर पहुँच बढ़ाने के लिए
(xiii)	अनिक फाइनेंशियल सर्विसेस प्राईवेट लिमिटेड, औरंगाबाद, महाराष्ट्र	महाराष्ट्र में पहुँच बढ़ाने के लिए
(xiv)	ग्रामीण डेवलपमेंट एंड फाइनेंस प्राईवेट लिमिटेड (जीडीएफपीएल), छायगांव, असम	असम में पहुँच बढ़ाने के लिए
(xv)	डॉन बोस्को टेक सोसायटी (डीबीटेक), नई दिल्ली	राष्ट्रीय स्तर पर पहुँच बढ़ाने के लिए
(xvi)	ब्रीटी प्रशिक्षण प्राईवेट लिमिटेड, कोलकाता	कोलकाता में पहुँच बढ़ाने के लिए
(xvii)	मॉनीटरिंग सैल फॉर आरएसईटीआई, बैंगलूरू	एनएसएफडीसी के ऋण सुविधा लेने के लिए आरएसईटीआई प्रशिक्षित उम्मीदवारों के साथ बातचीत करना।
(xviii)	अपोलो मेडिस्किल्स लिमिटेड, चैन्ने	वीईटीएलएस कार्यक्रम आयोजित करने के लिए
(ix)	वॉकहार्ट फाउंडेशन, मुंबई	वीईटीएलएस कार्यक्रम आयोजित करने के लिए
(xx)	नेट्टूर टेक्निकल ट्रेनिंग फाउंडेशन (एलटीटीएफ), बैंगलूरु	वीईटीएलएस कार्यक्रम आयोजित करने के लिए

श्री श्याम कपूर, अप्रनि, एनएसफडीसी और श्री राजशेकरन रामाकृष्नन, मध्यांचल ग्रामीण बैंक (एमजीबी)। एनएसएफडीसी और मध्यांचल ग्रामीण बैंक के साथ हस्ताक्षरित समझौता–करार का आदान–प्रदान करते हुए।

2.1.10 राज्यों में संयुक्त (कंपोजिट) जागरूकता कैंप

वर्ष के दौरान, आपके निगम ने मंत्रालय और राष्ट्रीय निगमों की योजनाओं को क्षेत्रीय स्तर पर प्रचारित करने के लिए सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा आयोजित 09 कंपोजिट / जागरूकता कैंपों में भाग लिया। माननीय मंत्री (सामाजिक न्याय और अधिकारिता) ने लाभार्थियों को एनएसएफडीसी की योजनाओं के मंजूरी–पत्र वितरित किए। ये कैंप मध्य प्रदेश (रायसेन, उज्जैन और भोपाल), उत्तराखंड (हरिद्वार), तमिलनाडु (वैल्लौर), उत्तर प्रदेश (हापुड़, लखनऊ और काशी) और महाराष्ट्र (गोरेगांव, मुंबई) में आयोजित किए गए। ऐसे प्रत्येक कैंपों में एनएसएफडीसी को अपनी योजनाओं को प्रचारित करने और आगंतुकों के बीच जन–जागरूकता उत्पन्न करने के लिए योजनाओं के पैम्पलेट बाँटने के लिए स्टॉल प्रदान किए जाते हैं। कुछ कैंपों में सफल लाभार्थियों को एनएसएफडीसी की योजनाओं के अंतर्गत ऋण लेने और व्यवसाय संबंधी गतिविधियों के बारे में अनुभवों को साझा करने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

2.1.11 प्रदर्शनियों / मेलों में सहभागिता

वर्ष के दौरान, आपके निगम ने लाभार्थियों को उत्पादों के लिए विपणन का अवसर प्रदान करने के लिए निम्नांकित प्रदर्शनियों / मेलों में भाग लिया:

क्र. सं.	प्रदर्शनी / मेला	तारीख
(i)	स्वदेशी मेला, मोहाली, पंजाब	04–08 नवंबर, 2015
(ii)	भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला (आईआईटीएफ), प्रगति मैदान, नई दिल्ली	14–27 नवंबर, 2015
(iii)	शिल्पोत्सव, दिल्ली हाट, आईएनए, नई दिल्ली	24–30 नवंबर, 2015
(iv)	7वाँ ईस्ट हिमालयन एक्पो, सिलीगुड़ी, पश्चिम बंगाल	05–13 दिसंबर, 2015
(v)	सूरजकुंड क्राफ्ट मेला, फरीदाबाद, हरियाणा	01–15 फरवरी, 2016

श्री थावर चन्द गेहलोत, माननीय केन्द्रीय मंत्री, सामाजिक न्याय और अधिकारिता, श्री विजय सांपला, माननीय राज्य मंत्री और श्री कृष्ण पाल गुर्जर, माननीय राज्य मंत्री के साथ डॉ. आर. के. सिंह, पूर्व–अप्रनि, एनएसएफडीसी और श्री श्याम कपूर, अप्रनि, एनएसएफडीसी – दिल्ली हाट में शिल्पोत्सव–2015 का उद्घाटन करते हुए।

24–30 नवंबर, 2015 तक दिल्ली हाट में आयोजित शिल्पोत्सव के दौरान स्वागत भाषण देते हुए एसएसफडीसी के पूर्व–अप्रनि।

उपरोक्त अवसरों पर शामिल राज्यों के प्रतिभागी लाभार्थियों की संख्या और विक्रय की गई शिल्प सामग्रियों का विवरण नीचे दिया जा रहा है:

स्थान	शामिल राज्य	लाभार्थियों की संख्या	विक्रय की गई शिल्प सामग्री
स्वदेशी मेला, मोहाली	पंजाब	01	पंजाबी जूती
आईआईटीएफ – 2015, नई दिल्ली	दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब, कर्नाटक, पुदुचेरी, उत्तराखंड, त्रिपुरा और राजस्थान	33	हथकरघा कपड़ा, तैयार वस्त्र, चमड़े का कार्य, चंदेरी साड़ी, लकड़ी के खिलौने, लकड़ी शिल्प/पेंटिंग, सिल्क साड़ी, चादर, सलवार सूट, दुपट्टा, ऑयल कैनवास और थंजावूर पेंटिग, आर्टिफिशियल गहने, शॉल/स्टोल/मफलर/जुराब, हथकरघा साड़ी, बाटिक प्रिंटिंग, बांस व काष्ठ शिल्प, राजस्थानी व पंजाबी जूती, सॉफ्ट खिलौने
शिल्पोत्सव – 2015, नई दिल्ली	गुजरात, हिमाचल प्रदेश, पुदुचेरी, राजस्थान, दिल्ली, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा और कर्नाटक	24	बुनकर वस्तुएं, कढ़ाई का सामान, चादर, पैच वर्क, हथकरघा शॉल, स्टोल, जैकेट, जुराब, टोपी व मफलर, फाइबर की वस्तुएँ व पेंटिंग्स, कोल्हापुरी चप्पल, चमड़े की वस्तुएं, राजस्थानी व पंजाबी जूती, तैयार वस्त्र, बाटिक प्रिंटिंग, सॉफ्ट खिलौने
7वां ईस्ट हिमालयन एक्सपो, सिलीगुड़ी, पश्चिम बंगाल	पश्चिम बंगाल	07	जूट का सामान, कांथा, बाटिक, हथकरघा साड़ी, स्टोल, गमोसा, साड़ी, मेखला साड़ी इत्यादि

स्थान	शामिल राज्य	लाभार्थियों की संख्या	विक्रय की गई शिल्प सामग्री
सूरजकुंड क्राफ्ट मेला–2016	गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, पुदुचेरी, राजस्थान, दिल्ली, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, पंजाब, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और कर्नाटक	29	बुनकर वस्तुएं, कढ़ाई का सामान, चादर, पैच वर्क, हथकरघा शॉल, स्टोल, जैकेट, जुराब, टोपी व मफलर, चंदेरी साड़ी, फाइबर का सामान और पेंटिंग, चमड़े की वस्तुएँ, राजस्थानी व पंजाबी जूती, तैयार वस्त्र, बाटिक प्रिंटिंग, कांथा शिल्प, सॉफ्ट खिलौने इत्यादि
	कुल	**94**	

वर्ष के दौरान, आपके निगम ने प्रतिभागी लाभार्थियों को यात्रा भत्ता/मंहगाई भत्ता तथा अन्य व्ययों की अदायगी के लिए रु.2.38 लाख खर्च किए।

2.1.12 एनएसएफडीसी योजनाओं का बाह्य मूल्यांकन

2.1.12(क) एनएसएफडीसी योजनाओं का व्यापक प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन

वर्ष के दौरान, समझौता–ज्ञापन लक्ष्य और राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की सलाह के अनुसार, आपके निगम ने अपनी योजनाओं का व्यापक प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन बाजार शोध और सामाजिक विकास केन्द्र (सीएमएसडी), नई दिल्ली से करवाया। इस अध्ययन में वर्ष 2009–10 और 2010–11 के दौरान चार राज्यों नामतः गुजरात, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और त्रिपुरा के सहायता प्राप्त लाभार्थी शामिल किए गए।

अध्ययन के अंतर्गत, 1,978 लाभार्थियों और 405 गैर–लाभार्थियों सहित कुल 2,383 लोगों को शामिल किया गया। वर्गवार और राज्यवार शामिल किए गए लक्ष्य समूह को नीचे दिया गया है:

वर्ग	गुजरात	हिमाचल प्रदेश	कर्नाटक	त्रिपुरा	कुल
लाभार्थी	622	100	1,154	102	1,978
गैर–लाभार्थी	124	13	260	8	405
कुल	**746**	**113**	**1,414**	**110**	**2,383**

राज्यवार निष्कर्ष नीचे दिया गया है:

क्रमं	राज्य	ऋण आधारित योजनाएँ			
		लक्षित उद्देश्यार्थ निधियों का उपयोग करने वाले लाभार्थियों की संख्या और प्रतिशत	सृजित परिसंपत्तियों को बनाए रखने वाले लाभार्थियों की संख्या और प्रतिशत	गरीबी रेखा पार कर चुके लाभार्थियों की संख्या और प्रतिशत	गरीबी सीमा रेखा की दोगुनी आय सीमा को पार कर चुके लाभार्थियों की संख्या और प्रतिशत
(i)	गुजरात	622 (100%)	620 (99.7%)	204 (32.8%)	9 (1.40%)
(ii)	हिमाचल प्रदेश	100 (100%)	99 (99%)	43 (43%)	3 (3%)
(iii)	कर्नाटक	1,154 (100%)	1,152 (99.8%)	1,114 (96.5%)	40 (3.5%)
(iv)	त्रिपुरा	102 (100%)	101 (99%)	85 (83.3%)	17 (16.7%)

मुख्य निष्कर्ष

(क)	लक्षित उद्देश्यार्थ निधियों का उपयोग करने वाले लाभार्थियों की संख्या और प्रतिशत	1,978 (100%)
(ख)	सृजित परिसंपत्तियों को बनाए रखने वाले लाभार्थियों की संख्या और प्रतिशत	1,972 (99.7%)
(ग)	गरीबी रेखा पार कर चुके लाभार्थियों की संख्या और प्रतिशत	1,446 (73.1%)
(घ)	गरीबी सीमा रेखा की दोगुनी आय सीमा को पार कर चुके लाभार्थियों की संख्या और प्रतिशत	69 (3.5%)

संस्तुतियाँ:

(क) लक्ष्य समूह को ऋण की मंजूरी और संवितरण के लिए आवेदन जमा करने की तारीख से तीन माह के भीतर करने के लिए एससीए को निर्देश दिए जाएं और निगरानी की जाए।

(ख) लाभार्थियों को विपणन की शिक्षा दी जानी चाहिए।

(ग) योजनाओं का प्रचार सफल कहानियाँ प्रकाशित कर और उसे बाँटकर, लघु फिल्म बनाकर इत्यादि द्वारा किया जाए।

(घ) लक्ष्य समूह को उचित और प्रभावी प्रशिक्षण दिया जाए।

2.1.12(ख) एनएसएफडीसी की ऋण आधारित योजनाओं का मूल्यांकन अध्ययन

उपरोक्त के अतिरिक्त, वर्ष के दौरान, आपके निगम ने अपनी ऋण आधारित योजनाओं का प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन बाजार शोध और सामाजिक विकास केन्द्र (सीएमएसडी), नई दिल्ली द्वारा करवाया। यह अध्ययन वर्ष 2014–15 में ऋण लेने वाले 894 लाभार्थियों को शामिल करते हुए 8 राज्यों/संघ शासित प्रदेशों के 10 एससीए/सीए नामतः असम, बिहार हरियाणा, जम्मू व कश्मीर, केरल, महाराष्ट्र, सिक्किम और पुद्दुचेरी में किया गया। राज्य/संघ शासित प्रदेशवार और एससीए/सीएवार शामिल लाभार्थी नीचे दिए गए हैं:

क्र. सं.	राज्य	लाभार्थियों की संख्या
(i)	असम (नेडफी)	100
(ii)	बिहार (एमबीओबी)	100
(iii)	हरियाणा (एचएसएफडीसी)	101
(iv)	जेएडंके (जेकेएससीएसटीडीसी)	101
(v)	केरल (केएसडीसी)	37
(vi)	केरल (केएसडब्ल्यूडीसी)	64
(vii)	महाराष्ट्र (एलएएसडीसी)	135
(viii)	महाराष्ट्र (लिडकॉम)	121
(ix)	सिक्किम (साबको)	49
(x)	पुदुचेरी (पाडको)	86
	कुल	**894**

एससीए / सीएवार निष्कर्ष नीचे दिया गया है:

क्रसं	एससीए / सीए	ऋण आधारित योजनाएँ			
		लक्षित उद्देश्यार्थ निधियों का उपयोग करने वाले लाभार्थियों की संख्या और प्रतिशत	सृजित परिसंपत्तियों को बनाए रखने वाले लाभार्थियों की संख्या और प्रतिशत	गरीबी रेखा पार कर चुके लाभार्थियों की संख्या और प्रतिशत	गरीबी सीमा रेखा की दोगुनी आय सीमा को पार कर चुके लाभार्थियों की संख्या और प्रतिशत
(i)	नेडफी, असम	100 (100%)	98 (98%)	39 (39%)	55 (55%)
(ii)	एमबीओबी, बिहार	100 (100%)	98 (98%)	34 (34%)	08 (8%)
(iii)	एचएसएफडीसी, हरियाणा	101 (100%)	99 (98%)	51 (50.5%)	0 (0%)
(iv)	जेकेएससीएसटीडीसी, जे एडं के	101 (100%)	97 (96%)	28 (27.7%)	0 (0%)
(v)	केएसडीसी, केरल	37 (100%)	36 (97.3%)	18 (48.6%)	0 (0%)
(vi)	केएसडब्ल्यूडीसी, केरल	64 (100%)	63 (98.4%)	14 (21.9%)	0 (0%)
(vii)	एलएएसडीसी, महाराष्ट्र	135 (100%)	132 (97.8%)	88 (65.2%)	01 (0.7%)
(viii)	लिडकॉम, महाराष्ट्र	121 (100%)	119 (98.3%)	89 (73.6%)	02 (1.6%)
(ix)	साबको, सिक्किम	49 (100%)	49 (100%)	39 (79.6%)	4 (8.2%)
(x)	पाडको, पुददुचेरी	86 (100%)	86 (100%)	72 (83.6%)	0 (0%)

मुख्य निष्कर्ष

(क)	लक्षित उद्देश्यार्थ निधियों का उपयोग करने वाले लाभार्थियों की संख्या और प्रतिशत	894 (100%)
(ख)	सृजित परिसंपत्तियों को बनाए रखने वाले लाभार्थियों की संख्या और प्रतिशत	877 (98.10%)
(ग)	गरीबी रेखा पार कर चुके लाभार्थियों की संख्या और प्रतिशत	472 (52.80%)
(घ)	गरीबी सीमा रेखा की दोगुनी आय सीमा को पार कर चुके लाभार्थियों की संख्या और प्रतिशत	70 (7.80%)

संस्तुतियाँ:

(क) लक्ष्य समूह को ऋण की मंजूरी और संवितरण के लिए आवेदन जमा करने के तीन माह के भीतर करने के लिए एससीए को निर्देश दिए जाएं और निगरानी की जाए।

(ख) एससीए को एनएसएफडीसी की सभी ऋण आधारित योजनाओं को कार्यान्वित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए ताकि लक्ष्य समूह एनएसएफडीसी की सभी योजनाओं से लाभ प्राप्त कर सके।

(ग) एनएसएफडीसी, एमसीएफ और एमएसवाई योजनाओं के अंतर्गत ऋण सीमा 1.00 लाख रुपए तक बढ़ाने पर विचार कर सकता है।

(घ) एससीए को प्रलेखन प्रक्रिया सरल करने के लिए निर्देशित किया जाना चाहिए ताकि भावी लाभार्थियों को एससीए के कार्यालय बार–बार न आना पड़े।

2.1.13 कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम और कार्यपालक विकास कार्यक्रम/वोकेशनल प्रशिक्षण संस्थान

सीपेट, हाजीपुर, बिहार में एनएसएफडीसी से सहायता प्राप्त प्रशिक्षणार्थी

वर्ष के दौरान, आपके निगम ने अनुसूचित जाति के 14,805 शिक्षित बेरोजगार व्यक्तियों को प्रशिक्षित करने के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों को मंजूर और कार्यान्वित किया। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा अनुसूचित जाति कल्याण के कार्य करने वाले स्वैच्छिक संस्थाओं की सहायता योजना के अंतर्गत रु.1459.93 लाख की राशि उपलब्ध कराई गई। इसके अतिरिक्त, सीएसआर निधि के अधीन पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन (पीएफसी), राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल), भारतीय कंटेनर निगम लिमिटेड (कॉनकॉर) और भारत इलैक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) से रु. 276.57 लाख की राशि प्राप्त हुई। विभिन्न ट्रेड/सेक्टर जैसे – कंप्यूटर हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर, ऑफिस ऑटोमेशन और इंटरनेट में सर्टिफिकेट कोर्स, कनिष्ठ वित्त सहयोगी में सर्टिफिकेट कोर्स, पीसी में सर्टिफिकेट कोर्स, मॉनीटर, प्रिंटर मरम्मत और सर्विसिंग, मोबाइल फोन मरम्मत, अपेरल्स टेक्नॉलजी, रेफ्रिजरेशन और एयर कंडीशनिंग/वाटर कूलर मरम्मत, फेब्रिकेशन, बैंकिंग और फाइनेंशियल सेवाएं और बीमा व्यवसायी, फैशन डिज़ाईन, ब्यूटीशियन, ऑफिस ऑटोमेशन और इंटरनेट, डेस्क टॉप पब्लिशिंग, खाद्यान्न संसाधन, रिटेल प्रबंधन आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए। वर्ष के दौरान, 14,805 प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण में शामिल हुए जिसमें से 9,663 व्यक्तियों ने अपना कार्यक्रम पूरा किया। प्रशिक्षण संस्थाओं से प्राप्त सूचना के अनुसार, प्रशिक्षुओं का स्व/वेतन रोजगार दिलाने का कार्य प्रक्रियाधीन है। इसके अलावा, वर्ष 2014–15 के दौरान आरंभ हुआ 5,739 व्यक्तियों का प्रशिक्षण भी इसी वर्ष समाप्त हुआ।

कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों की मंजूरी और कार्यान्वयन का राज्यवार/संघ शासित क्षेत्रवार सार, राज्यवार/संघ शासित क्षेत्रवार/ट्रेडवार ब्योरा तथा कौशल विकास प्रशिक्षण वोकेशनल प्रशिक्षण संस्थानों की सूची **अनुलग्नक–X(क), (ख) और (ग)** पर है।

2.1.14 अन्य सरकारी विभाग अथवा स्थापित संस्थानों की योजनाओं के तहत सहायता प्राप्त लाभार्थियों की संख्या

वर्ष के दौरान, आपके निगम ने समाज कल्याण विभाग, कर्नाटक सरकार और समाज कल्याण विभाग, आंध्र प्रदेश जैसे अन्य सरकारी विभागों की योजनाओं के तहत 5,131 लाभार्थियों के लिए योजनाओं को मंजूर किया। योजना के तहत आंध्र प्रदेश और कर्नाटक सरकार इकाई लागत का 50% से 75% तक आर्थिक सहायता (सब्सिडी) उपलब्ध कराती है।

2.1.15 क्लस्टर विकास (मणिपुर और पश्चिम बंगाल)

वर्ष के दौरान, आपके निगम ने क्लस्टर पद्धति में योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए नॉर्थ ईस्टर्न डेवलपमेंट फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (नेडफी), गुवाहटी के माध्यम से महिला स्व–सहायता समूह को महिला समृद्धि योजना के तहत वित्तीय सहायता दी। इस प्रक्रिया में, मणिपुर के 3 जिलों में 7 क्लस्टर (03 सुअर पालन, 04 बुनाई) बनाए गए जिसमें 345 महिलाएँ शामिल थीं। इसके अलावा, पश्चिम बंगाल के बोलपुर में एक और हथकरघा क्लस्टर को जिसमें 39 महिलाएँ शामिल थीं, एनएसएफडीसी योजना के अधीन पश्चिम बंगाल अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास और वित्त निगम द्वारा समर्थित किया गया।

2.1.16 स्वच्छ भारत अभियान

वर्ष के दौरान, आपके निगम ने सरकार के निर्देशों के अनुपालन में, स्वच्छ भारत अभियान पर एक वार्षिक कार्य योजना प्रस्तुत की और एनएसएफडीसी मुख्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। इस अभियान में निगम के सभी कार्मिकों ने स्वच्छता शपथ ली कि वे अपने कार्यालय और आवासीय परिसर, आस–पड़ोस ओर सामाजिक नेटवर्क को साफ रखेंगे और इस कार्य में 100 घंटे का स्वैच्छिक सहयोग देंगे। सभी कार्मिकों ने यह सुनिश्चित किया कि उनके कमरे/क्यूबिकल हाउसकीपिंग कर्मचारियों द्वारा ठीक से साफ की गई फाइलें और फुटकर कागजों को ढंग से कपबोर्ड शेल्फ, अलमारी के अंदर रखा गया। बाहर पड़ी फाइलों को उचित और व्यवस्थित ढंग से रखा गया और अनावश्यक बाहर पड़े फुटकर कागजों का निपटान किया गया।

16–31, जुलाई, 2016 तक आयोजित एनएसएफडीसी के स्वच्छ भारत अभियान के दूसरे चरण के दौरान राजीव कैंप, चित्रा विहार की जे. जे. बस्ती के बच्चों को स्वास्थ्य और सफाई व्यवस्था के बारे में जागरूक करते हुए एनएसएफडीसी के कार्मिकगण।

आपके निगम ने कार्यालय परिसर का रखरखाव और सफाई, फर्नीचर/इलैक्ट्रॉनिक और विद्युत उपकरणों का निपटान, डेंगू, मलेरिया और अन्य बीमारियों को फैलने से बचाने के लिए उचित धूमन (fumigation) और कीट नियंत्रण (Pest Control) सुनिश्चित किया गया। आपके, निगम के सभी शीर्षपत्र और प्रचार सामग्री पर पीएमओ द्वारा अनुमोदित स्वच्छता पर टैगलाइन और 'स्वच्छ भारत' का लोगो मुद्रित किया। आपके निगम से वित्त पोषित सभी प्रशिक्षण संस्थानों से यह निवेदन किया गया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ होने से पूर्व प्रत्येक प्रशिक्षु स्वच्छता और सफाई पर वचन/शपथ लें।

2.1.17 ई वेस्ट प्रबंधन

वर्ष के दौरान, भारत सरकार के ई–वेस्ट (प्रबंधन और हैंडलिंग) नियम, 2011 के अनुसरण में, आपके निगम ने अप्रचलित और अनुपयोगी इलेक्ट्रिकल, आईटी और इलेक्ट्रानिक वस्तुओं को पर्यावरण अनुकूल ढंग से निपटाने के लिए टेलीकम्युनिकेशन कंसलटेंट इंडिया लिमिटेड (टीसीआईएल) को नियुक्त किया। टीसीआईएल, भारत सरकार के दूरसंचार विभाग के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है। टीसीआईएल, माननीय प्रधानमंत्री, भारत सरकार के 'क्लीन इंडिया' संकल्पना के अनुसार इलेक्ट्रानिक, आईटी और टेलीकॉम वेस्ट उपकरणों के पर्यावरण अनुकूल निपटान के लिए शुरू से अंत तक अपनी निपटान सेवाएं देता है।

2.1.18 भारत सरकार द्वारा अधिसूचित पिछड़े जिलों में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों की संख्या

आपके निगम की वित्तीय सहायता से वर्ष के दौरान, 07 एससीए ने भारत सरकार द्वारा अधिसूचित पिछड़े जिलों में 15,309 लाभार्थियों को शामिल करते हुए पिछड़े जिलों में शामिल लाभार्थियों का एससीवार विवरण नीचे दिया गया है:

क्रसं	एससीए	पिछड़े जिलों में शामिल किए गए लाभार्थियों की संख्या
1.	एपीएससीसीएफसी, आंध्र प्रदेश	624
2.	केएसडीसी, केरल	40
3.	केएसडब्ल्यूडीसी, केरल	25
4.	एचएसएफडीसी, हरियाणा	13
5.	एचपीएससीएफडीसी, हिमाचल प्रदेश	07
6.	टीएससीएफडीसी, त्रिपुरा	70
7.	डब्ल्यूबीएससीएसटीडीएफसी, पश्चिम बंगाल	14,530

2.1.19 वर्ष 2015–16 के लिए पाँच उत्कृष्ट निष्पादन वाले राज्य

(क) मंजूरी ली गई		
रैंक	राज्य	राशि (करोड़ रुपयों में)
1	उत्तर प्रदेश	113.69
2	कर्नाटक	98.33
3	केरल	38.70
4	गुजरात	34.09
5	पश्चिम बंगाल	31.81

(ख) संवितरण लिया गया		
रैंक	राज्य	राशि (करोड़ रुपयों में)
1	उत्तर प्रदेश	78.84
2	केरल	43.66
3	पश्चिम बंगाल	33.57
4	कर्नाटक	31.53
5	बिहार	28.81

(ग) निधि उपयोग (सक्रिय राज्य/संघ शासित क्षेत्र)		
रैंक	**राज्य**	**प्रतिशत**
1	आंध्र प्रदेश	96.26%
2	उत्तराखंड	94.87%
3	चंडीगढ	93.56%
4	सिक्किम	90.08%
5	गुजरात	84.45%
(घ) अदायगी की गई		
रैंक	**राज्य**	**राशि (करोड़ रुपयों में)**
1	कर्नाटक	84.90
2	मध्य प्रदेश	43.45
3	पश्चिम बंगाल	23.23
4	गुजरात	21.68
5	महाराष्ट्र	9.69
(ङ) शामिल लाभार्थी		
रैंक	**राज्य**	**संख्या**
1	पश्चिम बंगाल	25,259
2	उत्तर प्रदेश	13,677
3	केरल	5,431
4	बिहार	4,590
5	कर्नाटक	4,505
(च) महिला लाभार्थी		
रैंक	**राज्य**	**संख्या**
1	पश्चिम बंगाल	24,629
2	उत्तर प्रदेश	9,416
3	केरल	3,724
4	कनार्टक	3,003
5	आंध्र प्रदेश	2,344

2.1.20 राज्य चैनलाइजिंग एजेंसी को प्रोत्साहित करने के लिए पहल

2.1.20(क) वसूली व्यवस्था के विकास (आईएसएसडीआरआई) के लिए राज्य चैनलाइजिंग एजेंसी की प्रोत्साहन योजना

आपका निगम 2007–08 से एक वित्तीय वर्ष में राज्य चैनलाइजिंग एजेंसी द्वारा एनएसएफडीसी को चुकायी गई कुल राशि का 0.5% की दर से प्रोत्साहन देने के लिए योजना चला रहा है, यह ऐसे राज्य चैनलाइजिंग एजेंसी के लिए है जिनकी वित्त वर्ष के अंत में संचयी वसूली 60% से अधिक है अथवा पिछले वित्तीय वर्ष से कम से कम 10% अंश (पाइंट) का वसूली में सुधार है और जिन्होंने एनएसएफडीसी को शतप्रतिशत अदायगी की है।

राज्य चैनलाइजिंग एजेंसी के अनुरोध पर, योजना को नीचे दिए अनुसार उदार किया गया है:

(i) पूर्ववर्ती वर्ष के अंत में, एनएसएफडीसी को शतप्रतिशत अदायगी करने वाले राज्य चैनलाइजिंग एजेंसी को आईएसएसडीआरआई के अंतर्गत प्रोत्साहन के रूप में वर्ष में अदा की गयी कुल राशि का 0.5% उपलब्ध कराया जाएगा, बशर्ते कि उनकी लाभार्थियों से वसूली कम से कम 50% हो अथवा वसूली सुधार पिछले वित्तीय वर्ष में कम से कम 5 प्रतिशत पाइंट है।

(ii) पूर्ववर्ती वित्त वर्ष के अंत में एनएसएफडीसी को 90% अदा करने वाले राज्य चैनलाइजिंग एजेंसी को आईएसएसडीआरआई के अंतर्गत प्रोत्साहन के रूप में वर्ष में अदा की गई कुल राशि का 0.25% उपलब्ध कराया जाएगा बशर्ते कि उनकी लाभार्थियों से वसूली कम से कम 50% हो अथवा उनका वसूली सुधार पिछले वित्तीय वर्ष में कम से कम 5 प्रतिशत पाइंट है।

चूंकि योजना का राज्य चैनलाइजिंग एजेंसी द्वारा अच्छा स्वागत किया गया था इसलिए इसके कार्यान्वयन को 12वीं पंचवर्षीय योजना के अंत तक अर्थात् 31.03.2017 तक बढ़ाया गया।

2.1.20(ख) राष्ट्रीय निष्पादन उत्कृष्टता पुरस्कार (एनएपीई)

आपका निगम, बेहतर निष्पादन करने वाले एससीए के प्रोत्साहन के लिए वर्ष 2007–08 से 'राज्य चैनलाइजिंग एजेंसी का रेटिंग तंत्र और बेहतर निष्पादन के लिए पुरस्कार' की योजना चला रहा है। योजना का नाम संशोधित कर 'निष्पादन उत्कृष्टता के लिए पुरस्कार योजना' कर दिया गया है। योजना में संशोधन भारत सरकार की वर्तमान प्राथमिकताओं को ध्यान में रखकर किया गया है।

नई योजना वर्ष 2016–17 से लगभग रु.45 लाख प्रतिवर्ष के कुल बजट से कार्यान्वित की जाएगी।

'निष्पादन उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार' के अंतर्गत एससीए को निष्पादन प्रोत्साहन निम्न प्रकार से दिया जाएगा :

विज्ञान भवन, नई दिल्ली में अभिकरणों एवं निगमों की बैठक में माननीय केन्द्रीय मंत्री सामाजिक न्याय और अधिकारिता श्री थावर चन्द गेहलोत, माननीय राज्य मंत्री श्री कृष्ण पाल गुर्जर, श्रीमती अनिता अग्निहोत्री, सचिव, सामाजिक न्याय और अधिकारिता, श्री अरूण कुमार, अपर सचिव, सामाजिक न्याय और अधिकारिता

(लाख रुपयों में)

स्तर	पैरामीटर	प्रथम पुरस्कार	द्वितीय पुरस्कार	तृतीय पुरस्कार	कुल
I	एनएसएफडीसी से एक वर्ष में रु.3.00 करोड़ तक की निधि लेने वाले एससीए	5.00	3.00	2.00	10.00
II	एनएसएफडीसी से एक वर्ष में रु.3.00 करोड़ से अधिक और रु.10.00 करोड़ तक की निधि लेने वाले एससीए	7.00	5.00	3.00	15.00
III	एनएसएफडीसी से एक वर्ष में रु.10.00 करोड़ से अधिक की निधि लेने वाले एससीए	10.00	6.00	4.00	20.00
	कुल	**22.00**	**14.00**	**9.00**	**45.00**

टिप्पणी: प्रोत्साहन राशि उन एससीए को दी जाती है जिनकी रेटिंग "उत्कृष्ट" अथवा ''बहुत अच्छा'' होगी।

2.1.21 लाभार्थियों के लिए पहल

2.1.21(क) गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनी–माइक्रो वित्त संस्थानों (एनबीएफसी–एमएफआई) के लिए ऋण नीतिः

वर्ष के दौरान, जमीनी वित्त प्रदाताओं द्वारा एनएसएफडीसी योजनाओं की पहुँच बढ़ाने के लिए (पिछड़े क्षेत्रों में एनबीएफसी–एमएफआई जमीनी स्तर पर कार्य कर रहे हैं) आपके निगम ने एनबीएफसी–एमएफआई के माध्यम से निधियों को चैनलाइज करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक से संपर्क किया।

भारतीय रिजर्व बैंक ने अपने परिपत्र 1.10.2015 के द्वारा यह तय किया कि एनएसएफडीसी की निधियों से एनबीएफसी–एमएफआई द्वारा दिए गए ऋणों पर अनुमत्य अधिकतम परिवर्तन की सीमा लागू नहीं होगी। एनएसएफडीसी की निधियों से, एनबीएफसी–एमएफआई द्वारा व्यक्तियों को दिए गए ऋण सीधे उनके बैंक खातों में जमा किए जाएंगे। इसके अलावा, क्रेडिट के मूल्य निर्धारण में, एनबीएफसी–एमएफआई, एनएसएफडीसी से लिए गए ऋण को शामिल नहीं करेंगे (इसमें एनएसएफडीसी द्वारा लक्षित लाभार्थी शामिल नहीं होंगे) इसके लिए, एनबीएफसी– एमएफआई, एनएसएफडीसी से प्राप्त निधियों और इस निधि से दिए गए ऋण का विधिवत रिकार्ड रखेंगे।

भारतीय रिजर्व बैंक से अनुमोदन प्राप्त होने पर, आपके निगम ने 01.11.2015 से लक्ष्य समूह को 60,000/– रुपए तक की प्रति इकाई लागत वाली परियोजनाओं हेतु ऋण देने के लिए आजीविका माइक्रो फाइनेंस योजना की शुरूआत की। इस योजना के तहत प्रतिवर्ष ब्याज प्रभारित करने का पैटर्न नीचे दिया गया हैः

एनएसएफडीसी से एनबीएफसी–एमएफआई	एनबीएफसी–एमएफआई के लिए ब्याज प्रभार	एनबीएफसी–एमएफआई लाभार्थियों से
4% वार्षिक महिलाओं के लिए 5% वार्षिक पुरूषों के लिए	8% वार्षिक	12% वार्षिक महिलाओं के लिए 13% वार्षिक पुरूषों के लिए

लक्ष्य समूह, एनएसएफडीसी को पूरी अदायगी प्रत्येक वर्ष समय से करने पर 2% वार्षिक की छूट के पात्र होंगे। एनबीएफसी–एमएफआई से लक्ष्य समूह द्वारा शीघ्र अदायगी की सूचना मिलने पर, एनएसएफडीसी लक्ष्य समूह के खाते में सीधे लाभ अंतरण (डीबीटी) द्वारा राशि जमा करा देगा बशर्ते कि एनबीएफसी–एमएफआई ने पूरी चुकौती कर दी हो।

2.1.21(ख) एससीए, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक (पीएसबी)/क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी) और एनबीएफसी–एमएफआई की ऋण नीति में संशोधन

वर्ष के दौरान, आपके निगम ने एससीए, पीएसबी, आरआरबी और एनबीएफसी–एमएफआई की ऋण नीति में संशोधन किया। नीतियों में निम्नलिखित संशोधन किए गएः

I एससीए के लिए एनएसएफडीसी ऋण नीति में संशोधन

(i) लघु व्यवसाय योजना (एलवीवाई) के अंतर्गत इकाई लागत रु. 2.00 लाख से बढ़ाकर रु. 3.00 लाख की गई।

(ii) कार्यशील पूंजी ऋण योजना में संशोधन कर, योजना लागत के कार्यशील पूंजी आवश्यकता का 100% शामिल करने हेतु, पहले के रु. 3.00 लाख से बढ़ाकर रु. 5.00 लाख किया गया। रू. 5.00 लाख से अधिक और रू. 30.00 लाख तक की परियोजना लागत के लिए, कार्यपूंजी

मार्जिन (30%) एनएसएफडीसी द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। शेष कार्यपूंजी मार्जिन (70%) की व्यवस्था अन्य वित्तीय संस्थानों/प्रवर्तकों से करनी होगी।

(iii) निधि उपयोग अवधि वर्तमान के 90 दिनों से बढ़ाकर 120 दिन की गई।

(iv) संवितरण के लिए पिछले माह के अंत तक, संबंधित एससीए के पिछले 3 वर्ष में पहले से संवितरित निधि का कम से कम 80% संचयी उपयोग होना चाहिए। एससीए को संवितरित निधि का, संवितरण वर्ष को छोड़कर, तीन वित्तीय वर्षों के भीतर पूरा उपयोग हो जाना चाहिए। तीन वित्तीय वर्ष से पूर्व, एनएसएफडीसी द्वारा एससीए को संवितरित निधि एससीए के पास अनुपयोगी पड़ी है, यदि कोई है, एससीए को पुनः वापसी कर देनी चाहिए।

एनएफडीसी की महिला समृद्धि योजना के अंतर्गत, हथकरघा बुनाई इकाई के लिए वित्तीय सहायता प्राप्त श्रीमती एल. इनाओ देवी, सदस्य, लेईमाराम अवांग लईकाई, स्वसहायता समूह, बिशनुपूर जिला, मणिपुर।

II **पीएसबी/आरआरबी के लिए एनएसएफडीसी की ऋण नीति में संशोधन**

(i) लघु व्यवसाय योजना (एलवीवाई) के अंतर्गत इकाई लागत रु. 2.00 लाख से बढ़ाकर रु. 3.00 लाख की गई।

(ii) बैंक/आरआरबी द्वारा वित्त पोषित मामलों में, पुनः वित्त प्रदान करने की सीमा रु. 2.00 लाख प्रति इकाई से बढ़ाकर रु. 3.00 लाख प्रति इकाई की गई।

(iii) निधि उपयोग अवधि 90 दिनों से बढ़ाकर 120 दिन की गई।

(iv) यदि पिछले वित्त वर्ष की समाप्ति पर बैंक/आरआरबी का संचयी निधि उपयोग स्तर 80% या इससे अधिक है तो बैंक/आरआरबी की अप्रयुक्त निधि पर एचआरआई से छूट मिलेगी।

III **एनबीएफसी–एमएफआई के लिए के लिए एनएसएफडीसी की ऋण नीति में संशोधन**

(i) निधि उपयोग अवधि 90 दिनों से बढ़ाकर 120 दिन की गई।

2.1.21(ग) हरित व्यवसाय योजना

वर्ष के दौरान, आपके निगम ने हरित व्यवसाय योजना के तहत इकाई लागत संशोधित कर रु. 1.00 लाख से रु. 2.00 लाख कर दी है। योजना के तहत वार्षिक ब्याज दर निम्नानुसार होगी:

क्र सं	इकाई लागत	प्रभारित वार्षिक ब्याज दर	
		एससीए/सीए	लाभार्थी
(i)	रु.1.00 लाख तक	1%	3%
(ii)	रु.1.00 लाख से अधिक और रु.2.00 लाख तक	2%	5%

2.1.21(घ) एससीए को साख सूचना कंपनी (सीआईसी) का सदस्य बनने के लिए प्रोत्साहन योजना

वर्ष के दौरान, आपके निगम ने 'एससीए को साख सूचना कंपनी की सदस्यता शुल्क की प्रतिपूर्ति' नामक योजना की शुरूआत की, इसका कार्यान्वयन वित्तीय वर्ष 2016–17 से किया जाना है। इस योजना का उद्देश्य, लक्ष्य समूह के लिए क्रेडिट के इतिहास को बनाने हेतु एक सिस्टम स्थापित करना है ताकि वे अपना व्यवसाय बढ़ाने के लिए आसानी से ऋण प्राप्त कर सके। यह योजना उन एससीए के लिए लागू है जो वर्तमान में, एनएसएफडीसी से संवितरण प्राप्त कर रहे हैं और सभी चारों सीआईसी की सदस्यता प्राप्त कर ली है। योजना के तहत, एससीए को चारों सीआईसी की सदस्यता ग्रहण करने पर सदस्यता शुल्क और पहले तीन वर्षों के वार्षिक शुल्क की प्रतिपूर्ति की जाएगी।

2.1.21(ङ) क्लस्टर विकास के लिए एनएसएफडीसी निधियों का नोशनल आवंटन

वर्ष के दौरान, आपके निगम ने वित्तीय वर्ष 2016–17 से क्लस्टर विकास के लिए अलग से नोशनल आवंटन करने की योजना आरंभ की है। नोशनल आवंटन का बीस प्रतिशत अलग से क्लस्टर विकास के लिए रखा जाएगा। क्लस्टर विकास के लक्ष्यों की तिमाही समीक्षा की जा सकती है। केवल विशेष परिस्थितियों में, एससीए को क्लस्टर विकास के लिए आवंटित नोशनल आवंटन का उपयोग दूसरे उद्देश्यों के लिए करने की अनुमति दी जाएगी।

2.1.21(च) कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षुओं को संवितरित वृत्तिका में संशोधन

वर्ष के दौरान, आपके निगम ने कौशल विकास प्रशिक्षण नीति की वृत्तिका संवितरण धारा में संशोधन किया। यह, प्रशिक्षण संस्थाओं से आशय पत्र स्वीकृत होने पर, पहली और एक ही किस्त में 100% वृत्तिका संवितरित करने के लिए किया गया। कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अंतर्गत संशोधन 1.4.2015 से किया गया।

3. प्रचालन निष्पादन के संबंध में वित्तीय निष्पादन

3.1 आय और व्यय लेखा

(i) वर्ष 2015–16 के दौरान, निगम की आय रु.5579.03 लाख से बढ़कर रु.6012.59 लाख हो गई।

(ii) कर्मचारी लागत सहित कुल व्यय में रु.1964.94 लाख से घटकर चालू वर्ष में रु.1607.37 लाख हो गया।

(iii) वर्ष के दौरान, रु. 72.18 लाख की राशि के अशोध्य और संदिग्ध ऋण के लिए निवल प्रावधान किया गया।

(iv) व्यय से आय की अधिकता, वर्ष 2014–15 के दौरान रु. 3614.09 लाख की तुलना में 2015–16 के दौरान रु. 4405.22 लाख है।

3.2 निवल संपत्ति

निगम की निवल संपत्ति 2014–15 के दौरान रु.1311.58 करोड़ से बढ़कर वर्ष 2015–16 में रु.1457.16 करोड़ हो गयी है।

3.3 प्रति शेयर अर्जन

प्रति ईक्विटी शेयर अर्जन वर्ष 2014–15 के 38.81 (मूल और अल्पकृत) की तुलना में 2015–16 के दौरान रु.44.28 और रू. 43.93 (मूल और अल्पकृत) हो गया है।

3.4 लाभ का विनियोजन

निगम व्यय से आय की अधिकता का 10% विशेष आरक्षित निधि में तथा शेष राशि सामान्य आरक्षित में अंतरित करता है। तद्नुसार, विशेष आरक्षित निधि में रु.440.52 लाख विनियोजित किया है और सामान्य आरक्षित में भावी संवितरण करने के लिए रु.3964.70 लाख अंतरित किया है।

3.5 भारत सरकार से ईक्विटी सहायता

वर्ष के दौरान, निगम ने भारत सरकार से रु.100.00 करोड़ की ईक्विटी सहायता प्राप्त की और रु.378.94 करोड़ का ऋण संवितरित किया।

3.6 ब्याज, कर, मूल्यह्रास और परिशोधन से पूर्व आय (ईबीआईटीडीए)

वर्ष के दौरान, निगम का ईबीआईटीडीए वर्ष 2014–15 के 36.73 करोड़ रुपए से बढ़कर रु. 47.96 करोड़ हो गया है। वर्ष के ईबीआईटीडीए में व्यय से अधिक आय (ईओआईओई) रु. 44.05 करोड़, अवमूल्यन और परिशोधन व्यय रु. 0.37 करोड़, समय से पूर्वावधि समायोजन रु. 0.08 करोड़ और लाभार्थियों के लिए प्रशिक्षण व्यय रु. 3.46 करोड़ शामिल है।

3.7 एक वर्ष से अधिक अतिदेय राशि की प्रतिशत के रूप में वसूली

वर्ष के दौरान, एक वर्ष से अधिक अतिदेय राशि का वसूली प्रतिशत वर्ष 2014–15 के दौरान के 27.57% की तुलना में 37.11% रहा। वर्ष 2015–16 के लिए वसूली प्रतिशत की गणना इस प्रकार की गई है:

$$\frac{\text{पिछले वर्ष के अतिदेय की वसूली (करोड़)}}{\text{पिछले वर्ष का अतिदेय (करोड़)}} \times 100 = \frac{131.74}{354.97} \times 100 = 37.11\%$$

3.8 सरकार से इक्विटी के अलावा जुटाए गए कुल संसाधनों का प्रतिशत

वर्ष के दौरान, सरकार से इक्विटी के अलावा जुटाए गए कुल संसाधनों का प्रतिशत वर्ष 2014–15 के दौरान 73.01% की तुलना में 79.23% है। वर्ष के दौरान, रु.100.00 करोड़ की इक्विटी के अतिरिक्त, एनएसएफडीसी द्वारा रु.381.56 करोड़ जुटाए गए। इस राशि में रु.239.42 करोड़ की वसूली, रु.105.44 करोड़ का प्रतिदाय और रु.36.70 करोड़ रुपए जमा पर ब्याज और अन्य से प्राप्त हुए।

3.9 देय राशि की प्रतिशत वसूली (चालू वर्ष)

वर्ष के दौरान, देय राशि की प्रतिशत वसूली (चालू वर्ष) 2014–15 के 84.65% से बढ़कर 2015–16 में 87.34% हो गई। 2015–16 के लिए वसूली प्रतिशत की गणना इस प्रकार की गई है:

$$\frac{\text{अतिदेय की संचयी वसूली (करोड़)}}{\text{संचयी मांग (करोड़)}} \times 100 = \frac{2195.32}{2513.64} \times 100 = 87.34\%$$

3.10 पीएटी / निवल संपत्ति

वर्ष के दौरान, पीएटी / निवल संपत्ति 2014–15 के 2.76% से बढ़कर 2015–16 में 3.02% हो गया।

4. निगम की कार्यपद्धति में सुधार

4.1 समझौता–ज्ञापन 'उत्कृष्टता' श्रेणीकरण (2014–15)

आपके निगम ने लोक उद्यम विभाग, भारी उद्योग और सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार को सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के माध्यम से लेखा परीक्षित आंकड़ों के आधार पर वित्तीय वर्ष 2014–15 के लिए समझौता–ज्ञापन प्रस्तुत किया। लोक उद्यम विभाग, भारी उद्योग और सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार ने समझौता–ज्ञापन के लिए 1.40 का कंपोजिट स्कोर और ''उत्कृष्ट'' श्रेणी प्रदान की है।

4.2 आईएस/आईएसओ 9001:2008 के अनुसार गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली प्रमाणीकरण की द्वितीय निगरानी लेखा परीक्षा

आपके निगम की आईएस/आईएसओ 9001:2008 के अनुसार गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली प्रमाणीकरण का लेखा परीक्षण भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा किया गया। बीआईएस लेखा परीक्षकों द्वारा आंचलिक कार्यालय, कोलकाता और प्रधान कार्यालय दिल्ली की द्वितीय निगरानी लेखा परीक्षा जनवरी, 2016 में की गई। सफल लेखा–परीक्षा के पश्चात् लेखा परीक्षकों ने वर्तमान स्कोर के लिए आईएस/आईएसओ 9001:2008 का लाइसेंस जारी रखने की संस्तुति की।

4.3 आईटी प्रणाली का सुदृढीकरण

वर्ष के दौरान, आपके निगम ने डाटा अनुरक्षण के लिए आंतरिक सॉफ्टवेअर विकसित किया। यह सॉफ्टवेअर नई प्रारंभ की गई वर्तमान 'आजीविका लघु वित्त योजना (एएमवाई)' के साथ एकीकृत है। इसके अलावा, डाटा, हार्डवेअर और नेटवर्किंग की वायरस, स्पाईवेअर, एडवेअर और अन्य खतरनाक प्रोग्राम से समग्र बचाव के लिए एंटीवायरस सॉफ्टवेअर का अद्यतिकरण किया। वर्ष के दौरान, आईटी उपस्करों के सुदृढ़ीकरण हेतु, पीसी, लैपटॉप सहायक उपकरण और बाह्य उपकरणों की खरीद की गई।

वर्ष के दौरान, आपके निगम ने नेशनल इन्फार्मेटिक्स सेंटर (एनआईसी) द्वारा डिजाइन और विकसित की गई दिव्यांग अनुकूल, गतिशील द्विभाषी वेबसाइट बनाई। आपके निगम ने कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम के कार्यान्वयन की प्रगति की निगरानी और प्रशिक्षण संस्थाओं और प्रशिक्षुओं से स्काइप पर बातचीत के लिए वीडियो–संवाद बनाए रखा।

वर्ष के दौरान आपके निगम ने निम्नलिखित पहलें की:

(i) प्रधान कार्यालय में ई–कार्यालय स्थापित करने की मंजूरी

आपके निगम ने प्रधान कार्यालय में ई–कार्यालय कार्यान्वयन की पहल की है। कार्यालय सॉफ्टवेअर से इलैक्ट्रॉनिक फाइल प्रबंधन प्रणाली, ई–सेवा पुस्तिका इत्यादि की सुविधा होगी। इससे फाइलों के भौतिक संचालन और कागजी कार्रवाई में कमी आएगी। ई–कार्यालय के कार्यान्वयन के लिए लीज लाइन के माध्यम से निकनेट संयोजकता और अन्य हार्डवेअर उपस्करों की आवश्यकता पड़ेगी, इसके लिए आवश्यक कार्रवाई प्रक्रिया में है।

(ii) ऋण लेखांकन सॉफ्टवेअर

प्रचालन क्षमता बढ़ाने तथा लेन–देन संचालन समय और प्रयास में कमी लाने हेतु, आपके निगम ने इलैक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी (डेटी) विभाग की आर्थिक सहायता से

एनआईसी और एनआईसीएसआई को 'वेब आधारित ऋण लेखांकन सॉफ्टवेअर विकसित करने का कार्य सौंपा है। इस सॉफ्टवेअर का कार्यान्वयन आपके निगम के प्रधान कार्यालय और राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों में चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा। इससे धीरे–धीरे आपके निगम और एससीए के मध्य भौतिक लेन–देन समाप्त हो जाएगा।

5. मानव संसाधन विकास

5.1 मानव पूंजी और एनएसएफडीसी स्टाफ का प्रशिक्षण

31.03.2016 को निगम के प्रधान कार्यालय और निगम के पाँचों आँचलिक कार्यालयों में 78 कर्मचारी नियोजित थे। निगम मानव संसाधन के विकास में दृढ़तापूर्वक विश्वास रखता है। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए, कार्यालय में प्रशिक्षण कार्यक्रम के अलावा, आपके निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रबंधन से संबंधित कार्यात्मक क्षेत्रों में अल्पावधि प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए प्रमुख संस्थानों में भेजा गया। समझौता–ज्ञापन के 48 कर्मचारियों के लक्ष्य की तुलना में कुल 67 कर्मचारियों को अंतर कार्यालयीन और विभिन्न प्रशिक्षण संस्थानों में संस्थानों में संस्थागत प्रशिक्षणों में भेजा गया। विवरण नीचे दिए जा रहे हैं :

श्रीमती अनिता अग्निहोत्री, सचिव, सान्याअ और निदेशक (एससीडी–IV), सान्याअ, एनएसएफडीसी कार्यालय के दौरे के दौरान एनएसएफडीसी के अधिकारियों और कर्मचारियों से चर्चा करते हुए।

क्र. सं.	प्रशिक्षण कार्यक्रम का नाम	प्रशिक्षण संस्थान का नाम	पुरूष	महिला	कुल
1.	एमएस वर्ड (आईटी)	सचिवालय प्रशिक्षण एवं प्रबंधन संस्थान नई दिल्ली	02	-	02
2.	''सूचना प्रौद्योगिकी पहलों से लाभ उठाना'' पर ई गवर्नेंस कार्यक्रम	''डिलॉइट टच टोहमात्सु इंडिया प्रा.लि.'' के सहयोग से स्कोप नई दिल्ली	01	-	01
3.	सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम में महिला सशक्तिकरण (लिंग संबंधी) सेमिनार	स्कोप, नई दिल्ली	-	02	02
4.	लिंग संवेदनशीलता और लिंग संबंधी मामले	अंतर कार्यालयीन	18	06	24
5.	''एमएस सूट'' (आईटी) पर कार्यशाला	सचिवालय प्रशिक्षण एवं प्रबंधन संस्थान नई दिल्ली	02	-	02
6.	एमएस–पावर पॉइंट (आईटी) पर कार्यशाला	सचिवालय प्रशिक्षण एवं प्रबंधन संस्थान नई दिल्ली	02	-	02
7.	''कार्यस्थल पर महिला यौन उत्पीड़न का विरोध'' पर कार्यक्रम	लेबर लॉ रिपोर्टर, नई दिल्ली	-	02	02
8.	सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) पर प्रशिक्षण	अंतर कार्यालयीन	25	07	32
कुल			**50**	**17**	**67**

5.2 निगम के कर्मचारियों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और शारीरिक रूप से निःशक्त वर्ग का प्रतिनिधित्व

आपके निगम ने अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और शारीरिक रूप से निःशक्त वर्ग के लिए आरक्षण और छूट के लिए भारत सरकार की नीति का अनुपालन किया है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के दिनांक 04.06.2009 के पत्र संख्या 1–4/2009–सम के माध्यम से प्राप्त कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी), कार्मिक जन शिकायत और पेंशन मंत्रालय के दिनांक 14.11.2008 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 36035/17/2008–स्था (आरइएस) के अनुसार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और शारीरिक रूप से निःशक्त वर्ग का प्रतिनिधित्व संबंधी अपेक्षित डाटा निर्धारित प्रारूप में क्रमशः **अनुलग्नक–XI, XII और XIII** पर है।

5.3 भर्ती में अल्पसंख्यकों के लिए विशेष ध्यान देने के लिए उपाय

इसके अलावा, आपका निगम कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 08.07.2007 के कार्यालय ज्ञापन सं. 39016/7(एस)/2006–स्था(बी) में निहित दिशा–निर्देशों और अन्य बातों के साथ–साथ अल्पसंख्यकों की भर्ती के लिए विशेष ध्यान देने के विचारार्थ अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री के 15 सूत्री कार्यक्रमों का पालन भी कर रहा है।

5.4 कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न

कार्यस्थल पर महिलाओं के उत्पीड़न (बचाव, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 की धारा–4 के अनुपालन में, आपके निगम ने प्रधान कार्यालय और आंचलिक कार्यालय स्तर पर संगठन परिसर में यौन उत्पीड़न की घटनाओं/शिकायतों, यदि कोई हो, की जाँच के लिए 'आंतरिक शिकायत कमेटी' का गठन किया। इसके अलावा इस अधिनियम की धारा–22 के अनुपालन में, यौन उत्पीड़न की घटनाओं की वार्षिक रिपोर्ट निम्नांकित हैः

(i)	वर्ष के दौरान प्राप्त यौन उत्पीड़न शिकायतों की संख्या	:	शून्य
(ii)	वर्ष के दौरान यौन उत्पीडन के विरुद्ध आयोजित की गई कार्यशालाओं/जागरूकता कार्यक्रमों की संख्या	:	03

6. अन्य उपलब्धियाँ

6.1 हिंदी का प्रगामी प्रयोग

वर्ष के दौरान, आपके निगम के कार्मिकों के राजभाषा में नोटिंग/ड्राफ्टिंग में सुधार हेतु चार कार्यशाला, आयोजित हुई।

(i) निगम के प्रधान कार्यालय और आँचलिक कार्यालयों द्वारा 01–30 सितंबर, 2015 के दौरान 'राजभाषा माह' मनाया गया। माह के दौरान, प्रधान कार्यालय, दिल्ली में 'शब्द हमारा वाक्य आपका', हिंदी नोटिंग/ड्राफ्टिंग प्रतियोगिता तथा आँचलिक कार्यालय में 'हिंदी निबंध प्रतियोगिता' आयोजित की गई।

राजभाषा माह पुरस्कार वितरण समारोह–2015

(ii) 'राजभाषा माह' के दौरान, आपके निगम के कर्मचारियों को हिंदी में अधिक से अधिक कार्य करने के लिए विभिन्न योजनाओं जैसे 'श्री शंकर दयाल सिंह राजभाषा सम्मान योजना', 'मूल हिंदी टिप्पण/आलेखन प्रोत्साहन योजना', 'स्टाफ का समवर्ती मूल्यांकन योजना, 'अधिकारियों को हिंदी में अधिकतम डिक्टेशन देने के लिए प्रोत्साहन पुरस्कार योजना', 'हिंदी में अधिकाधिक कार्य करने के लिए हिंदी आशुलिपि और टंकण प्रोत्साहन भत्ता योजना' और राजभाषा चल शील्ड के अंतर्गत पुरस्कार प्रदान किया गया। श्री महेश चन्द, कनिष्ठ सहायक, प्रशासन को 'श्री शंकर दयाल सिंह राजभाषा सम्मान योजना' का पुरस्कार और बजट–वित्त विभाग को राजभाषा चल शील्ड प्रदान की गई तथा इस विभाग के सभी कार्मिकों को विशेष बैज देकर सम्मानित किया गया।

6.2 सतर्कता जागरूकता सप्ताह

(i) आपके निगम में केंद्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशों के अनुसार 'सुशासन के प्रभावी उपाय के रूप में 'निवारक सतर्कता', विषय पर 26.10.2015 से 31.10.2015 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह–2015 मनाया गया।

'सतर्कता जागरूकता सप्ताह–2015'' के अनुसरण में 26–31.10.2015 के दौरान एनएसएफडीसी, प्रधान कार्यालय, दिल्ली में एनएसएफडीसी के अधिकारीगण भाग लेते हुए।

(ii) सतर्कता जागरूकता सप्ताह–2015 का आरंभ प्रधान कार्यालय और आंचलिक कार्यालय दोनों जगह कार्मिकों को शपथ दिलवाने के साथ हुआ।

(iii) सतर्कता जागरूकता सप्ताह–2015 के दौरान भारत के महामहिम राष्ट्रपति, माननीय उपराष्ट्रपति, माननीय प्रधानमंत्री, माननीय मुख्य न्यायाधीश, माननीय गृह मंत्री, माननीय भारत के महानियंत्रक और लेखा परीक्षक, कैबिनेट सचिव और केन्द्रीय सतर्कता आयोग के संदेशों को निगम के कार्मिकों के हित के लिए नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित किया गया।

(iv) सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान अंतर कार्यालयीन कार्यक्रम तैयार कर आयोजित किए गए। निगम में भ्रष्टाचार से लड़ने एवं ईमानदारी, सत्यनिष्ठा और पारदर्शिता को बढ़ाने के लिए प्रमुख स्थानों पर बैनर/स्लोगन लगाए गए। निगम के कार्मिकों को जागरूक करने के लिए क्या करें और क्या नहीं, एनएसएफडीसी आचार के अधीन परिभाषित कदाचार, अनुशासन और अपील नियम और व्हिसल ब्लोअर पर एनएसएफडीसी की नीति को नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित किया गया।

(v) सतर्कता से संबंधित फिल्मों और साक्षात्कार का समय और तिथि और पैनल चर्चा का नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शन किया गया।

(vi) सतर्कता जागरूकता सप्ताह के उद्घाटन दिवस यानि 26.10.2015 को सतर्कता जागरूकता और कार्मिकों को उसके विभिन्न आयामों से परिचित कराने के लिए मुख्य सतर्कता अधिकारी द्वारा 'सतर्कता अर्थ, भूमिका और कार्य' विषय पर पावर पाइंट प्रस्तुति दी गई।

(vii) सप्ताह के दौरान, कार्मिकों के विभिन्न वर्गों के लिए 'सुशासन के प्रभावी उपाय के रूप में निवारक सतर्कता/Preventive Vigilance as a tool of Good Goverance' विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई।

(viii) कार्यपालक, गैर–कार्यपालक और ग्रुप–डी वर्ग के विजेताओं का मनोबल बढ़ाने तथा कार्मिकों को जागरूक करने के लिए सर्टिफिकेट प्रदान किए गए।

6.3 सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 का कार्यान्वयन

आपका निगम अक्तूबर, 2005 से सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 का कार्यान्वयन कर रहा है।

(i) अपने कार्यकर्ताओं सहित निगम के कार्य का ब्यौरा निगम की वेबसाइट (www.nsfdc.nic.in) पर दिया गया।

(ii) अधिनियम के अंतर्गत अपेक्षित मैनुअलों को तैयार किया गया और वेबसाइट पर दिया गया।

(iii) निगम ने अधिनियम के अंतर्गत अपेक्षितानुसार अपीलीय प्राधिकारी, पारदर्शिता अधिकारी, जन सूचना अधिकारी और सहायक जन सूचना अधिकारी को पदनामित किया।

(iv) वर्ष के दौरान 2 अपील सहित 51 आवेदन प्राप्त हुए। वर्ष के दौरान प्राप्त सभी आवेदनों और अपील को निर्धारित समय के अंदर निपटाया गया।

(v) केंद्रीय सूचना आयोग को ऑन लाइन रिपोर्ट किए अनुसार सूचना का अधिकार अधिनियम आवेदनों की वित्त वर्ष 2015–16 के दौरान प्रत्येक तिमाही की स्थिति नीचे दी जा रही है:

	तिमाही के आरंभ में प्रारंभिक शेष	धारा 6(3) के अंतर्गत अन्य जन प्राधिकारी से हस्तांतरित होकर प्राप्त आवेदनों की संख्या	तिमाही के दौरान प्राप्त (अन्य जन प्राधिकारी को हस्तांतरित मामलों सहित)	धारा 6(3) के अंतर्गत अन्य जन प्राधिकारी से हस्तांतरित मामलों की संख्या	निर्णय जहाँ अनुरोध/अपील को रद्द किया	निर्णय जहाँ अनुरोध/अपील को स्वीकार किया
पहली तिमाही के दौरान प्रगति (अप्रैल से जून 2015)						
अनुरोध	04	0	15	0	0	15
पहली अपील	02	लागू नहीं	0	लागू नहीं	02	0
दूसरी तिमाही के दौरान प्रगति (जुलाई से सितंबर 2015)						
अनुरोध	04	0	15	0	0	18
पहली अपील	0	लागू नहीं	0	लागू नहीं	0	0
तीसरी तिमाही के दौरान प्रगति (अक्तूबर से दिसंबर 2015)						
अनुरोध	01	0	08	0	0	07
पहली अपील	0	लागू नहीं	0	लागू नहीं	0	0
चौथी तिमाही के दौरान प्रगति (जनवरी से मार्च 2016)						
अनुरोध	02	0	11	0	0	09
पहली अपील	0	लागू नहीं	0	लागू नहीं	0	0
	नामोद्दिष्ट सीएपीआईओ की कुल सं.		नामोद्दिष्ट सीपीआईओ की कुल सं.		नामोद्दिष्ट टीओ की कुल सं.	नामोद्दिष्ट अपील अधिकारी की कुल सं.
	1		1		1	1

ब्लाक II(संग्रहित शुल्क, प्रभारित दंड और की गई अनुशासनात्मक कार्रवाई के बारे में विवरण)

	1ली तिमाही	2री तिमाही	3री तिमाही	4थी तिमाही
धारा 7(1) के अंतर्गत संग्रहित पंजीकरण शुल्क	70	30	30	20
धारा 7(3) के अंतर्गत संग्रहित अतिरिक्त शुल्क	12	35	0	26

(vi) केंद्रीय सूचना आयोग की वेबासाइट पर अपलोड सूचना का अधिकार पर 4थीं तिमाही रिपोर्ट के अनुसार, 31.03.2016 के सूचना का अधिकार के 04 आवेदन लंबित थे। इन आवेदनों का बाद में निर्धारित समय सीमा में जबाब दिया गया ।

6.4 ऊर्जा संरक्षण, तकनीकी आमेलन, विदेशी मुद्रा अर्जन और व्यय

आपके निगम द्वारा किए जा रहे कार्य, जहाँ तक ऊर्जा संरक्षण, तकनीकी आमेलन, विदेशी मुद्रा अर्जन और व्यय से संबधित हैं, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3) (एम) के अधीन प्रकटन के दायरे में नहीं आता है ।

6.5 वार्षिक विवरणी का सार

कंपनी की वार्षिक विवरणी का सार फार्म सं. एमजीटी–9 इस रिपोर्ट में **अनुलग्नक–XIV** के रूप में अनुबद्ध किया है।

7. कर्मचारी और संबंधित प्रकटन का विवरण

अधिनियम की धारा 197(12) के प्रावधान और कंपनी नियम, 2014 के नियम 5 (2) 5 (3) (प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक) के संबंध में पूर्ण वर्ष तक नियोजित रहे कर्मचारियों, जिन्हें उक्त नियमों में दी सीमा से अतिरिक्त पारिश्रमिक प्राप्त हुआ है, के नाम और विवरण इसके साथ **अनुलग्नक–XV** पर अनुबद्ध है।

पारिश्रमिक संबंधी प्रकटन और अधिनियम की धारा 197 (2) और कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियम 2014 के नियम 5 (1) के तहत आवश्यक अन्य विवरणों को वार्षिक लेखे में दिया गया है।

8. निगमित सामाजिक दायित्व

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 के प्रावधानों के तहत निदेशक मंडल की रिपोर्ट में कुछ प्रकटन आवश्यक हैं। आपका निगम अधिनियम की अनुसूची–VII में विर्निदिष्ट कार्यों को करता है। अधिनियम की धारा 8 के तहत गठित कंपनियाँ जिन्हें दिनांक 27.02.2014 की अधिसूचना द्वारा जारी कंपनी (निगमित सामाजिक दायित्व नीति) नियम, 2014 में भी उल्लेखित है कि वे कार्यान्वयन एजेंसियाँ हैं।

आईआईटीएफ–2015, नई दिल्ली में अपने उत्पादों को प्रदर्शित करते हुए मियादी ऋण योजना के अंतर्गत सहायता प्राप्त लाभार्थी श्री उमेश काशीनाथ दोईफोड़े, कोल्हापुर, महाराष्ट्र।

वर्ष के दौरान, आपके निगम को दो लाभ कमाने वाले सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों नामतः राष्ट्रीय इस्पात निगम लि. (आरआईएनएल) और भारतीय कंटेनर निगम लि. (कॉनकॉर) से निगमित सामाजिक दायित्व के तहत मंजूरी प्राप्त हुई। इसके अलावा, वर्ष के दौरान रु.265.06 लाख की सीएसआर निधि संबंधित प्रशिक्षण संस्थाओं को जारी की गई।

वित्तीय वर्ष 2015–16 के दौरान, उपरोक्त निगमित सामाजिक दायित्व से निहित परियोजनाओं के तहत कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों को 2 राज्यों (आंध्र प्रदेश और उत्तर प्रदेश) में मंजूर किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रमों का कार्यान्वयन प्रक्रियाधीन है।

9. एमएसई के लिए सार्वजनिक खरीद नीति

सूक्ष्म और लघु उद्योग (एमएसई) आदेश, 2012 की सार्वजनिक खरीद नीति के अधिदेश के अनुसार केन्द्रीय मंत्रालयों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा अपने वार्षिक वस्तुओं और सेवाओं की कुल खरीद का 20% सूक्ष्म और लघु उद्योगों (एमएसई) से करना होगा। सरकार ने इसके अलावा इस 20% में से 4% वस्तुओं और सेवाओं की खरीद अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के स्वामित्व वाली एमएसई से करने के लिए चिह्नित किया है। सूक्ष्म और लघु उद्योग (एमएसई) आदेश, 2012 की सार्वजनिक नीति के अनुपालन में, निगम ने वर्ष 2015–16 के दौरान अपेक्षित लक्ष्य प्राप्त कर लिया है।

10. कॉरपोरेट गवर्नेंस पर रिपोर्ट

कंपनी कॉर्पोरेट गवर्नेंस के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है और कंपनी अधिनियम, 2013 तथा लोक उद्यम विभाग (डीपीई) द्वारा निर्धारित कॉर्पोरेट गवर्नेंस का पालन करती है। कॉर्पोरेट गवर्नेंस की रिपोर्ट इस रिपोर्ट का अविभाज्य भाग है और **अनुलग्नक–XVI** पर है। कंपनी के लेखा परीक्षकों से प्राप्त अपेक्षित प्रमाणपत्र कॉर्पोरेट गवर्नेंस की शर्तों के अनुपालन की पुष्टि करते हैं एवं कॉर्पोरेट गवर्नेंस की रिपोर्ट के **अनुलग्नक–XVII** पर अनुबद्ध है।

11. निदेशक मंडल

निदेशक मंडल की अध्यक्षता अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक डॉ. रबीन्द्र कुमार सिंह (29.07.2016 तक) और श्री श्याम कपूर (29.07.2016 से) ने की। दिनांक 31.03.2016 को बोर्ड में 7 सदस्य थे। कृपया अतिरिक्त ब्योरों के लिए इस वार्षिक रिपोर्ट के साथ संबद्ध कॉर्पोरेट गवर्नेंस पर रिपोर्ट का संदर्भ लें।

12. निदेशक मंडल की बैठकें

समीक्षाधीन वित्त वर्ष के दौरान, निदेशक मंडल की पाँच बैठकें आयोजित हुईं। कृपया अतिरिक्त ब्योरों के लिए इस वार्षिक रिपोर्ट के साथ संबद्ध कॉर्पोरेट गवर्नेंस पर रिपोर्ट का संदर्भ लें।

वर्ष के दौरान लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों का सार इस प्रकार है:

तिमाही	बोर्ड मीटिंग की क्रम संख्या	तारीख	महत्वपूर्ण निर्णय/समीक्षा	
I	137	04.06.2015	1	एनएसएफडीसी को मध्य प्रदेश राज्य सहकारी अनुसूचित जाति वित्त और विकास निगम (एमपीएससीएफडीसी) की अतिदेय राशि का निपटान
			2	कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षुओं को वितरित वृत्तिका में संशोधन
			3	वित्तीय वर्ष 2015–16 के लिए एनएसएफडीसी और सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के बीच समझौता–ज्ञापन
			4	व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण ऋण योजना (वीईटीएलएस) के लिए डॉन बॉस्को टेक सोसायटी (डीबीटेक) की चैनलाइजिंग एजेंसी के रूप में नियुक्ति
			5	एनएसएफडीसी में कार्यान्वयन के लिए उपस्थिति निगरानी हेतु प्रशासनिक सुधार और जन शिकायत विभाग के दिशानिर्देशों को अपनाना
			6	एनएसएफडीसी में कार्यपालक और गैर–कार्यपालक पदों पर भर्ती हेतु लिखित परीक्षा आयोजित करने के लिए बैंक कार्मिक चयन संस्थान (आईबीपीएस) को नामित करने का प्रस्ताव
			7	निगम के अधिशेष/पुराने/खराब पड़े सामानों की टेलिकम्यूनिकेशन्स कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड (टीसीआईएल) के माध्यम से इको–फ्रेंडली निपटान का प्रस्ताव

तिमाही	बोर्ड मीटिंग की क्रम संख्या	तारीख	महत्वपूर्ण निर्णय/समीक्षा	
II	138	14.08.2015	1	वित्तीय वर्ष 2015–16 के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा–139 के अंतर्गत वैधानिक लेखापरीक्षकों की नियुक्ति
			2	1,63,300 शेयर जारी करना
			3	कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय (यूएएस) बेंगलूरू के साथ ज्ञान साझा करने वाले भागीदार के रूप में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर
			4	सिंडिकेट बैंक के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के लिए एजेंडा नोट
			5	एनएसएफडीसी योजनाओं के अंतर्गत गरीबी रेखा से दुगुने (डीपीएल) आय मानदंड का संशोधन
			6	भारतीय रिजर्व बैंक से पंजीकृत गैर–बैंकिंग वित्त कंपनी सूक्ष्म वित्त संस्थान (एनबीएफसी–एमएफआई) के माध्यम से एनएसएफडीसी निधियों को चैनलाइज करना
			7	एनएसएफडीसी योजनाओं के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों/आरआरबी के साथ क्रेडिट लिंकेज और कौशल–सह उद्यम प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थाओं (आरएसईटीआई) के निगरानी सेल और एनएसएफडीसी के मध्य समझौता ज्ञापन
			8	एनएसएफडीसी के प्रबंधन और संरचना की समीक्षा के परामर्श के संबंध में प्रस्ताव
			9	31.03.2015 को समाप्त वर्ष को वार्षिक लेखे का अनुमोदन और प्रमाणीकरण और वार्षिक आम बैठक का आयोजन
III	139	20.10.2015	1	एनएसएफडीसी और अपोलो मेडस्किल्स के मध्य हस्ताक्षरित समझौता–ज्ञापन पर अनुसमर्थन नोट
			2	एनएसएफडीसी के सेवानिवृत्त कार्मिकों के लिए परिभाषित अंशदायी पेंशन योजना और परिभाषित अंशदायी मेडिकल योजना के अंतर्गत ''पेंशन ट्रस्ट'' और ''मेडिकल योजना ट्रस्ट'' के आरंभिक अंशदान के लिए निधि जारी करना
			3	उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त और विकास निगम (यूपीएससीएफडीसी) के अतिदेय का समाधान
			4	भारतीय रिजर्व बैंक से पंजीकृत गैर–बैंकिंग वित्त कंपनी सूक्ष्म वित्त संस्थान (एनबीएफसी–एमएफआई) के माध्यम से एनएसएफडीसी निधियों को चैनलाइज करना
IV	140	14.01.2016	1	निगमित सामाजिक दायित्व समिति का गठन
			2	लेखा परीक्षा समिति का गठन
			3	निदेशकों द्वारा हितों का प्रकटीकरण
			4	2014–15 के वार्षिक लेखा में लेखापरीक्षण के दौरान नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियाँ
			5	2016–17 के लिए बजट आकलन
			6	वित्तीय वर्ष 2015–16 के लिए एनएसएफडीसी और सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के बीच समझौता–ज्ञापन
	141	16.03.2016	1	एससीए/पीएसबी/आरआरबी/एनबीएफसी/एमएफआई की ऋण नीति में संशोधन
			2	क्लस्टर विकास के लिए एनएसएफडीसी निधि का नोशनल आवंटन
			3	एससीए को साख सूचना कंपनियों (सीआईसी) के सदस्यता शुल्क की प्रतिपूर्ति
			4	एनएसएफडीसी योजनाओं का समग्र प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन
			5	राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों को रेटिंग देने तथा बेहतर प्रदर्शन के लिए पुरस्कार योजना
			6	देना बैंक, मुंबई के साथ समझौता–करार (एमओए) हस्ताक्षरित करना

12.1 पारिश्रमिक समिति

वर्ष 2015–16 के दौरान, पारिश्रमिक समिति के गठन का निर्णय लंबित होने के कारण पारिश्रमिक समिति की बैठक नहीं हो सकी।

12.2 लेखा परीक्षा समिति

जागरूक तंत्र की स्थापना के लिए सार्वजनिक कंपनी और सूचित कंपनियों के लिए निदेशक मंडल की लेखा परीक्षा समिति एवं पारिश्रमिक समिति के गठन की आवश्यकता है। आपका निगम गैर–सूचीबद्ध कंपनी है।

तथापि, लोक उद्यम विभाग के दिशानिर्देश गैर–सूचित केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएससी) के लिए अनिवार्य हैं। कॉर्पोरेट गवर्नेंस पर लोक उद्यम विभाग के दिशानिर्देश के अंतर्गत पारिश्रमिक समिति और लेखा परीक्षा समिति का गठन किया जाना है। अधिनियम के अनुसार, पारिश्रमिक समिति और लेखा समिति का गठन करने के लिए अपेक्षित ''स्वतंत्र'' निदेशकों की आवश्यकता है।

रिपोर्ट वर्ष के दौरान, कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ने दिनांक 05.06.2015 को अधिसूचना जारी कर धारा 8 की कंपनियों को धारा 177 की उपधारा (2) 'बहुमत बनाने वाले ऐसे स्वतंत्र निदेशकों के साथ' शब्दों का लोप किया जाएगा से धारा 8 के अधीन आने वाली कंपनियों को छूट दी है। तदनुसार, पूर्वोक्त अधिसूचना के आधार पर बोर्ड, धारा 8 की कंपनियों के लिए बतौर सदस्य किसी को भी निदेशक नामित कर सकता है जो बतौर सदस्य स्वतंत्र निदेशक होगा।

उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए, डीपीई द्वारा जारी कॉर्पोरेट गवर्नेंस दिशानिर्देशों के अनुपालन में, 14.01.2016 को 140वीं बोर्ड बैठक में डीपीई द्वारा निहित संदर्भ की शर्तों के अनुसार लेखा परीक्षण समिति का गठन किया गया। जो कि वित्तीय वर्ष 2016–17 से प्रभावी होगी।

12.3 जागरूक तंत्र

प्रशासनिक मंत्रालय के आदेशों के अनुसार मुख्य सतर्कता अधिकारी की नियुक्ति की गई है जो कंपनी के पृथक और स्वतंत्र विभाग अर्थात् सतर्कता विभाग के प्रभारी हैं। इसके अलावा, व्हिसल ब्लोअर पॉलिसी के अंतर्गत निगम के अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक को व्हिसल ब्लोअर द्वारा भी सुरक्षित प्रकटन किया जा सकता है।

21.05.2015 को ''आतंकवाद विरोधी दिवस'' पर आयोजित ''शपथ ग्रहण समारोह'' के दौरान डॉ. आर. के. सिंह, पूर्व–अप्रनि एनएसएफडीसी के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ।

13. जोखिम प्रबंधन

कंपनी ने जोखिम प्रबंधन नीति बनाई है और जोखिम उठाने की समर्थता के लिए पूरे वर्ष प्रशासनिक मंत्रालय द्वारा समीक्षा की जाती है।

कंपनी, मुख्य जोखिम एवं अनिश्चिताएँ जो कंपनी की कार्यनीति के उद्देश्य की प्राप्ति के सामर्थ्य को प्रभावित कर सकती है, को सुलझाने का प्रबंध, अनुश्रवण करती है तथा मंत्रालय को रिपोर्ट करती है। कंपनी की प्रबंधन समिति, संगठनात्मक ढाँचा, प्रक्रिया और स्तर तथा आचार संहिता बताती है कि कंपनी व्यापार को तथा उससे जुड़े जोखिमों को कैसे प्रबंधित करती है।

14. आंतरिक वित्तीय नियंत्रण

कंपनी ने वित्तीय विवरणिकाओं के संबंध में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण रखा है। वर्ष के दौरान, ऐसे नियंत्रणों की जाँच की गई और डिज़ाइन अथवा प्रचालन में कोई महत्वपूर्ण कमी नहीं पाई गई।

15. वार्षिक आम बैठक (एजीएम)

वर्ष के दौरान, वर्ष 2014–15 के लेखों को अपनाने के लिए 21.09.2015 को 26वीं वार्षिक आम बैठक आयोजित हुई थी। संपूर्ण शेयर पूँजी भारत के माननीय राष्ट्रपति की ओर से सचिव, भारत सरकार, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के प्रतिनिधित्व में है केवल एक शेयर संयुक्त सचिव, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के पास है। 2014–15 वर्ष के वार्षिक लेखे को निदेशक मंडल की रिपोर्ट के साथ अपनाया गया।

वर्ष के दौरान, 26.02.2016 को 7वीं असाधारण आम बैठक प्राधिकृत शेयर पूंजी को रु.1000.00 से बढ़ाकर रु.1500.00 करोड़ करने के लिए आयोजित की गई।

16. निदेशकगण का दायित्व विवरण

निदेशकगण, मार्च, 2016 को समाप्त वर्ष के लिए, निगम के वार्षिक लेखे को तैयार करने में पुष्टि करते हैं कि:

(i) वार्षिक लेखे को तैयार करने में उपयुक्त लेखा–मानदंडों का पालन किया गया है तथा उचित स्पष्टीकरण दिए गए हैं।

(ii) वित्तीय वर्ष के अंत में, निगम के कार्यों का एवं उसी अवधि के लिए आय व व्यय का सही और उचित दृश्य देने के लिए निदेशकों ने ऐसी लेखांकन नीति को अपनाया और लगातार लागू किया तथा निर्णय व प्राक्कलन किए, जो उपयुक्त और विवेकी हैं।

(iii) निदेशकों ने निगम की परिसंपत्तियों की सुरक्षा और धोखाधड़ी और अन्य अनियमितताओं का पता लगाने व रोकने के लिए कंपनी अधिनियम के प्रावधान के अनुसार उपयुक्त लेखा रिकार्डों के अनुरक्षण के लिए उचित और पर्याप्त ध्यान रखा है।

(iv) निदेशकों ने, वार्षिक लेखे को चलायमान आधार पर तैयार किया है।

(v) निदेशकों ने, कंपनी द्वारा अपनाए जाने योग्य आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों को बनाया है और ऐसे आंतरिक वित्तीय नियंत्रण उपयुक्त हैं और प्रभावी ढ़ग से काम कर रहे थे।

(vi) निदेशकों ने सभी लागू कानूनों के प्रावधानों के अनुपालन और ऐसी उपयुक्त एवं प्रभावी प्रणाली को सुनिश्चित करने के लिए उचित प्रणाली तैयार की थी।

17. लेखा परीक्षक और लेखा परीक्षक की रिपोर्ट

17.1 सांविधिक लेखापरीक्षक

मैसर्स माथुर गुप्ता एंड एसोसिएट, सनदी लेखाकार, दिल्ली को वित्तीय वर्ष 2015–16 के लिए नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 129 (4) के अंतर्गत सांविधिक लेखा परीक्षक नियुक्त किया था। इस रिपोर्ट में कंपनी की रिपोर्ट के साथ 31 मार्च, 2016 को समाप्त वर्ष के लिए एनएसएफडीसी के लेखे पर सांविधिक लेखापरीक्षक की रिपोर्ट और कंपनी के उत्तर **परिशिष्ट–क और ख** पर दिए गए हैं।

17.2 नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की लेखा परीक्षा

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा एमएबी–IV के माध्यम से कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 (6) और (7) के अंतर्गत अनुपूरक लेखा परीक्षा आयोजित की है। 31 मार्च, 2016 को समाप्त वर्ष के लिए एनएसएफडीसी के लेखे पर नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की अभियुक्तियाँ और कंपनी का उत्तर इस रिपोर्ट में **परिशिष्ट–ग और घ** पर है।

17.3 आचार संहिता

निदेशक मंडल ने कंपनी के बोर्ड के सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंध समिति के लिए कार्य प्रबंधन कोड और नीति बनायी है। कंपनी के सभी निदेशक मंडल और कोड के अनुपालन को मुख्य अधिकारियों ने स्वीकार किया है।

18. सामान्य

आपके निदेशक बताते हैं कि समीक्षाधीन वर्ष के दौरान निम्नलिखित विषयों के संबंध में कोई खुलासा अथवा रिपोर्टिंग की आवश्यकता नहीं है:

(i) धारा 149 की उप धारा (6) के अंतर्गत स्वतंत्र निदेशकों द्वारा घोषणा पर बयान;

(ii) केवल कंपनी धारा 178 की उप धारा (1) के अंतर्गत की कंपनी के मामले में, निदेशकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक अर्हताएँ निश्चित करने के मानदंड सहित, पर कंपनी की नीति, सकारात्मक विशेषताएँ, निदेशकों की स्वतंत्रता तथा धारा 178 की उप धारा (3) के अंतर्गत दिए अन्य मामले;

(iii) धारा 186 के अंतर्गत ऋण, गारंटी अथवा निवेश का विवरण;

(iv) धारा 188 की उप धारा (1) में संदर्भित संबंधित पार्टियों के साथ संविदा अथवा व्यवस्था संबंधी निर्धारित प्रारूप में विवरण;

(v) राशि, यदि कोई है, उसे लाभांश के रूप में अदा करने के लिए संस्तुत किया जाना चाहिए;

(vi) प्राधिकारियों अथवा न्यायालय अथवा न्यायाधिकरण द्वारा कोई विशेष या महत्वपूर्ण आदेश पारित नहीं किए गए जो कंपनी की वर्तमान स्थिति और भावी प्रचालन को प्रभावित करें।

19. आभारोक्ति

आपके निदेशकगण, निगम के कर्मचारियों द्वारा वर्ष के दौरान समर्पित की गई सेवाओं के प्रति आभार व्यक्त करते हैं जिसके परिणामस्वरूप लोक उद्यम विभाग, भारत सरकार के टास्क फोर्स द्वारा निर्धारित समझौता–ज्ञापन लक्ष्य के तहत 'उत्कृष्ट' निष्पादन श्रेणी प्राप्त हुई।

श्री थावर चन्द गेहलोत, माननीय केन्द्रीय मंत्री, सामाजिक न्याय और अधिकारिता, श्री विजय सांपला, माननीय राज्य मंत्री और श्री कृष्ण पाल गुर्जर, माननीय राज्य मंत्री दिल्ली हाट में शिल्पोत्सव–2015 के उद्घाटन के दौरान।

